26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 30 मई, 2026

अंक- 215 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# यूपी में बिजली हुई महंगी

## जून से 10 प्रतिशत बढ़ा हुआ आएगा बिल

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** बीते कुछ हफ्तों में दूध, पेट्रोल, डीजल, सीएनजी आदि के दाम बढ़ने के बाद अब उत्तर प्रदेश के लोगों की जेब पर एक और बड़ा बोझ बढ़ गया है। यूपी में अब बिजली भी महंगी हो गई है। जिसके कारण अगले ही महीने से बढ़ा हुआ बिल देना होगा। यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बिजली बिल में 10 फीसदी एक्स्ट्रा चार्ज लगाने का फैसला किया है। सामने आया है कि अगले महीने से उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा झटका लगने जा रहा है। यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (UPPCL) ने बिजली बिल में 10 फीसदी तक अतिरिक्त शुल्क वसूलने का फैसला किया है। यह राशि फ्यूल सरचार्ज पर बढ़ोतरी के कारण बढ़ी है। जारी आदेश के अनुसार, बढ़ा हुआ शुल्क जून महीने के बिजली बिल के साथ जोड़ा जाएगा। यानी उपभोक्ताओं को अपने नियमित बिजली बिल के अलावा 10 फीसदी अतिरिक्त राशि भी चुकानी होगी। इस फैसले का असर प्रदेश के लाखों घरेलू, व्यावसायिक और अन्य श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। बिजली विभाग का कहना है कि बिजली उत्पादन और खरीद में आने वाली अतिरिक्त लागत की भरपाई के लिए फ्यूल सरचार्ज लगाया जा रहा है। इसके तहत उपभोक्ताओं के बिल में अलग से शुल्क जोड़ा जाएगा।




खुशखबरी! खुशखबरी!

स्पेशल ईद ऑफर

A Complete House of Interior
Ravi Interiors™
WALLPAPER HUB

ईद के मुबारक त्यौहार पर रवि इंटीरियर्स आपके सपनों के घर को सस्ते में सजाने का आकर्षक ऑफर लाया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. P.V.C. CEILING PANEL | - | 140/- |
| 2. P.V.C. SUPER HEAVY | - | 170/- |
| 3. U.V. ROLL 10x4 F.T. | - | 480/- |
| 4. BLACK LINE FLUTED PANEL 10” | - | 240/- |
| 5. GOLD LINE FLUTED PANEL 12” | - | 350 |
| 6. W.P.C. PANEL 17 M.M. | - | 340/- |
| 7. U.V. SHEET 5D. | - | 2850/- |
| 8. U.V. SHEET 3D. | - | 2350/- |
| 9. U.V. SHEET DIGITAL | - | 2000/- |

* ऑफर 21 मई 2026 से ईद तक लागू!

पता- निकट सेंट मैरी स्कूल, देव हॉस्पिटल के सामने, नजीबाबाद रोड, बिजनौर (उ.प्र.)

मो. 7341126925, 7341126926

admission open

SB COLLEGE

(Approved by BCI) Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad

LL.B. (3 Years) B.A.LL.B. (5 Years)

6th KM Mile Stone, Bijnor Noorpur Road, Near Dharampura Village, Bijnor, UP

Email: sbcollegebijnor@gmail.com 7251999223, 7251999225

# गिल के शतक ने दिल जीता, गुजरात फाइनल में पहुंचा

**न्यू चंड़ीगढ़ (एजेंसी/चिंगारी)।** कप्तान शुभमन गिल (104) की शतकीय और साई सुदर्शन (58) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के क्वालीफायर 2 में राजस्थान रॉयल्स को आठ गेंदें शेष रहते सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

19वें ओवर की चौथी गेंद पर राहुल तेवतिया ने छक्का लगाकर गुजरात टाइटंस को फाइनल में पहुंचा दिया है, इसी के साथ आरआर का सफर यहीं पर समाप्त हो गया। इसके साथ ही जीटी ने आरआर को सात विकेट से हरा दिया है।




अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच अहमदाबाद में होगी खिताबी भिड़ंत। 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल और साई सुदर्शन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी कर मैच विजयी नींव रखी। 13वें ओवर में बृजेश शर्मा ने साई सुदर्शन को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। साई सुदर्शन ने 32 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए 58 रन बनाये। 14वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौके से गिल ने अपना शतक पूरा किया।

उन्होंने ने अपना शतक पूरा करने के लिए केवल 47 गेंदें ली और अब यह गुजरात टाइटंस के लिए सबसे तेज़ शतक हो गया है। गुजरात टाइटंस का दूसरा विकेट 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर शुभमन गिल के रूप में गिरा। आर्चर ने उन्हें पगबाधा आउट किया। गिल 104 रनों की जबरदस्त पारी में 15 चौके और तीन छक्के लगाये।

वॉशिंगटन सुंदर (16) रन बनाकर आउट हुये।

गुजरात टाइटंस ने 18.4 ओवरों में तीन विकेट पर 219 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम करते हुए आईपीएल के फाइनल में प्रवेश किया।

राहुल तेवतिया ने नौ गेंदों में (नाबाद 17) और जॉस बटलर ने (नाबाद नौ) रन बनाये। इससे पहले आज यहां वैभव सूर्यवंशी (96), रवींद्र जडेजा (नाबाद 45) और डॉनोवन फरेरा (नाबाद 38) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह विकेट पर 214 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा ने आरआर को शुरुआती झटके दिये। यशस्वी जायसवाल (एक) और ध्रुव जुरेल (सात) रन बनाकर आउट हुये। दो ओवर में दो विकेट गंवाकर संकट में फंसी आरआर को बल्लेबाजी करने आये रवींद्र जडेजा और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी ने संभाला और 82 के स्कोर तक ले गये इसी दौरान रवींद्र जडेजा को रिटायर्ड होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान रियान पराग (11) और दसून शानका (तीन) को जेसन होल्डर ने अपना शिकार बना लिया। जोफ्रा आर्चर (सात) को प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया। 18वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रहे वैभव सूर्यवंशी को कगिसो रबाड़ा ने आखिरकार अपना शिकार बना लिया। वैभव सूर्यवंशी ने 47 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के उड़ाते हुए (96) रनों की पारी खेली।

## आईपीएल से बाहर होने पर छलके वैभव सूर्यवंशी के आंसू




करोड़ों फैन्स के दिलों पर राज करने वाले वैभव सूर्यवंशी की टीम का इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 में सफर खत्म हो गया। शुक्रवार (29 मई) को मुल्लांपुर में खेले गए क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स (RR) को गुजरात टाइटन्स (GT) के हाथों 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ टीम का फाइनल में पहुंचने का सपना भी खत्म हो गया. इस जीत के साथ गुजरात टाइटन्स ने खिताबी मुकाबले में जगह बना ली, जहां अब उसका सामना 31 मई (रविवार) को डिफेंडिंग चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) से होगा। हार के बाद सबसे भावुक तस्वीर राजस्थान रॉयल्स के डगआउट से सामने आई. 15 साल के वैभव सूर्यवंशी बेहद मायूस होकर अकेले बैठे नजर आए. उनकी आंखों में आंसू साफ दिखाई दिए, जबकि टीम का एक सपोर्ट स्टाफ सदस्य उन्हें सांत्वना देता दिखा. सोशल मीडिया पर यह तस्वीर तेजी से वायरल हो गई और फैन्स भी इस युवा बल्लेबाज का दर्द महसूस करते नजर आए. हालांकि, इस हार के बावजूद वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह सिर्फ भविष्य नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट का वर्तमान भी है। बड़े मुकाबले के दबाव में भी उन्होंने बेखौफ अंदाज में बल्लेबाजी की और गुजरात टाइटन्स के गेंदबाजों पर जमकर हमला बोला. यह युवा बल्लेबाज शतक से महज चार रन दूर रह गया, लेकिन उसकी विस्फोटक पारी ने स्टेडियम में मौजूद हर फैन को रोमांचित कर दिया।

## नगर निगम, नगर कौंसिल और पंचायत चुनावों में आप का दबदबा कायम

**चंडीगढ़ (एजेंसी/चिंगारी)।** पंजाब में आठ नगर निगमों, 75 नगर परिषदों और 20 नगर पंचायतों के चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) का दबदबा दिखा है। सुबह आठ बजे से हो रही मतगणना में 881 वार्डों में आप जीत चुकी है। कांग्रेस दूसरे और निर्दलीय उम्मीदवार तीसरे नंबर पर हैं। बंगाल के बाद 2027 में पंजाब को जीतने की बारी की बात कहने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सबसे पीछे है। अकाली दल भी चौथे नंबर पर है। अब तक आठ नगर निगमों में से चार से परिणाम आ चुके हैं, इनमें कपूरथला में कांग्रेस, अबोहर में भाजपा को बहुमत मिला है, जबकि मोगा और बरनाला में आप ने जीत दर्ज की है। चार निगमों के नतीजे आने बाकी हैं, इसमें मोहाली, बटाला, बठिंडा और पठानकोट शामिल हैं। छब्बीस मई को निकाय चुनाव के लिए मतदान हुआ था। 1100 से ज्यादा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई है। नगर कौंसिल के कुल 1977 वार्डों में से 1818 के नतीजे आ चुके हैं, जिनमें आप को 881, कांग्रेस को 355, भाजपा को 153, शिरोमणि अकाली दल को 178 और अन्य को 25 वार्डों में विजय मिली है।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

सभी जनपदवासियों को ईदुल-अज़हा की हार्दिक शुभकामनाएं

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर

के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# मारपीट के आरोपी सगे भाई शहबाज व शादाब गिरफ्तार


## ईद के दिन दो पक्षों के बीच हुआ था खूनी संघर्ष

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** गुरुवार को ईद के दिन नगर के मोहल्ला नायक सराय में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में नामजद 5 आरोपियों में से पुलिस ने दो आरोपी सगे भाइयों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करते हुए जेल भिजवा दिया है। गुरुवार को जब सब लोग हर्षोल्लास के साथ ईद मना रहे थे, उस समय नगर के मोहल्ला नायक सराय में इस्लामुद्दीन आदि व कयामुद्दीन आदि दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। त्यौहार की खुशियों के बीच हुए इस विवाद से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई थी। मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने जब तक बीच बचाव किया, तब तक कई लोग घायल हो चुके थे। अफजलगढ़ पुलिस ने मुस्कान पुत्री कयामुद्दीन द्वारा दिए गए प्रार्थना-पत्र पर शहबाज, इस्लामुद्दीन, शादाब, फैसल व रिहान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि नामजद पांच आरोपियों में से आरोपी दो सगे भाइयों शहबाज व शादाब पुत्रगण इस्लामुद्दीन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। उधर दूसरे पक्ष की ओर से इस्लामुद्दीन ने बिलाल शब्बू, पप्पू, कम्मू, दिलशाद पुत्रगण कयामुद्दीन एवं मुस्कान, अदीबा व चुनिया पर गाली गलौच, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस्लामुद्दीन ने बताया कि इस बाबत कार्यवाही हेतु उसने सीओ अफजलगढ़ को तहरीर दी है।



आरोपी शहबाज व शादाब को कोर्ट ले जाती पुलिस।

# प्रदेश अध्यक्ष से मिले ओम कुमार




बीजेपी अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत करते हुए ओम कुमार व उनके पुत्र सिद्धार्थ।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को भाजपा के नहटौर विधायक ओमकुमार ने केंद्र सरकार में वित्त राज्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से उनके दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ओमकुमार को प्रदेशाध्यक्ष का आत्मीय मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। मुलाकात के दौरान ओमकुमार के साथ उनके सुपुत्र सिद्धार्थ सिंह भी मौजूद रहे। ओमकुमार के अनुसार प्रदेशाध्यक्ष से संगठन की विचारधारा, जनसेवा एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। विधायक ओमकुमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्नेहपूर्ण व्यवहार, प्रेरणादायी मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करने का संदेश भी दिया।

# रात में घर से निकला युवक सुबह बेहोश मिला

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शुक्रवार रात्रि घर से निकला एक युवक शनिवार सुबह ग्राम अगवानपुर के समीप सड़क किनारे गंभीर अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार घायल की पहचान नगर के मोहल्ला किला निवासी सूरज अग्रवाल (27) पुत्र श्याम अग्रवाल के रूप में हुई है, जो कि फोटोग्राफी का कार्य करता है। परिजनों के अनुसार सूरज शुक्रवार रात्रि एक समारोह में फोटोग्राफी करने के लिए घर से निकला था, लेकिन सुबह उसके घायल अवस्था में मिलने की सूचना मिली। अस्पताल सूत्रों के अनुसार युवक के सिर में गंभीर चोट होने की आशंका जताई जा रही है। चिकित्सकों का कहना है कि सिटी स्कैन रिपोर्ट आने के बाद ही चोटों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। समाचार लिखे जाने तक सूरज को होश नहीं आया था और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




# महिलाएं लेने गई थीं चारा

## गुलदार ने पंजा मारा

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम महमूदपुर बुजुर्ग में पशुओं के लिए चारा लेने गई महिलाओं के समूह पर गुलदार ने हमला कर दिया, जिनमें दो महिलाएं गंभीर रूप में घायल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

आज प्रातः करीब साढ़े आठ बजे ग्राम महमूदपुर बुजुर्ग निवासी नीता (30 वर्ष) पत्नी टीकम सिंह, नजमा (50 वर्ष) पत्नी खुर्शीद अहमद अन्य महिलाओं के साथ पशुओं के लिए चारा लेने के लिए खेत पर गई थीं। गांव से कुछ ही दूरी पर अचानक गुलदार ने नीता पर हमला कर दिया। नीता के शोर मचाने पर अन्य महिलाओं ने भी शोर मचा दिया। गुलदार ने भागते हुए कुछ ही दूरी पर खड़ी नजमा पर पीछे से पंजा मार दिया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। गुलदार के



हमले की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीण घायल महिलाओं को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां पर उनकी हालत में सुधार बताया गया है। वन विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर गुलदार के पदचिन्हों की जांच की है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ा जाएगा।

# नहटौर पुलिस ने पकड़े दो वाहन चोर, जा रहे थे हरिद्वार की ओर

**नहटौर ( चिंगारी )।** पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान अंतर्जनपदीय दो वाहन चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जिनके पास से दिल्ली से चोरी की गई बाइक भी बरामद हुई है।

प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर नहटौर में नूरपुर रोड स्थित आकू की पुलिया के पास वाहन चैकिंग के दौरान बाइक सवार दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम गुरविंदर उर्फ ऋतिक पुत्र लाखन निवासी मोहल्ला अवंतिका कस्बा गजरौला जनपद अमरोहा व बंसी पुत्र धूम सिंह



निवासी मोहल्ला अंबेडकर नगर कस्बा थाना गजरौला, अमरोहा बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने बाइक को नई दिल्ली के जामा मस्जिद से चोरी करना कबूल किया। उन्होंने बताया कि वह बाइक से हरिद्वार घूमने के लिए जा रहे थे। नहटौर पुलिस ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट नई दिल्ली थाना जामा मस्जिद से चोरी हुई। नहटौर पुलिस ने बाइक के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बताया जाता है कि उक्त बाइक चोरी के संबंध में थाना जामा मस्जिद नई दिल्ली पर मुकदमा पंजीकृत है।

भली लगे या बुरी ...

## ये कहां आ गये हम?

देश जब स्वतंत्र नहीं हुआ था, तब पत्रकारिता एक मिशन थी। देश को अंग्रेजों से आजाद कराना स्वतंत्रता सेनानियों का मिशन था और इस मिशन को जन-जन तक पहुंचाना तथा करोड़ों देशवासियों में आजादी की अलख जगाना पत्रकारिता का मिशन था। विशेषकर हिन्दी पत्रकारिता ने आजादी की मशाल को जलाये रखने में अपना सम्पूर्ण योगदान किया। उस दौर में ऐसा कोई महापुरुष नहीं था, जिसने पत्रकारिता को अंग्रेजों के विरुद्ध एक अस्त्र के रूप में प्रयोग न किया हो। उस समय समाचार-पत्रों का आकार जरूर छोटा था, किंतु लक्ष्य बड़ा था। तब पत्रकारों और स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों ने क़लम और अख़बार की ताकत को पहचाना और यह साबित किया कि जब तोप मुक़ाबिल हो, अख़बार निकालो। तमाम संघर्षों और शहादतों के बाद देश आखिरकार स्वतंत्र हुआ। इसी के साथ तत्कालीन समाचार-पत्रों व पत्रकारों का योगदान भी अमर हो गया। अपनी इस विरासत में हमें गर्व है। किंतु आज स्वतंत्रता के 80 वर्ष बाद पत्रकारिता की स्थिति अत्यंत चिंतनीय है।

स्वतंत्रता के बाद देश की स्थिति बहुत जर्जर थी। अंग्रेज तो विदा हो गये थे, किंतु देश के सामने अनेक चुनौतियां मुंह बाये खड़ी थीं। सबसे बड़ी चुनौती थी देश की एकजुटता को बनाये रखने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करने की। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के कुशल नेतृत्व में देश ने आगे बढ़ना शुरू किया। जिसमें उस समय के समाचार-पत्रों व पत्रकारों ने सकारात्मक व सार्थक सहयोग देते हुए भारत को एक प्रगतिशील राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अपनी महती भूमिका निर्वाह की। सब कुछ ठीक चल रहा था, इस बीच 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोप दिया। एक बार फिर समाचार-पत्रों और उस समय के पत्रकारों के सामने एक गंभीर चुनौती आ खड़ी हुई थी। अभिव्यक्ति/प्रेस की स्वतंत्रता के लिये पत्रकारों ने अपनी आहुति दी। कितने ही पत्रकारों को जेल में डाला गया और अख़बारों पर पहरे बिठाये गये। लेकिन सच्चे पत्रकार न झुके, न रुके। आपातकाल को उखाड़ फेंकने में पत्रकारों ने ऐतिहासिक भूमिका का निर्वाह किया। मगर 1990 का दशक आते-आते पत्रकारिता का स्तर गिरने लगा। 2000 के दशक में न्यूज चैनलों के साथ-साथ देश में नये प्रकार की पत्रकारिता का भी उदय हुआ। जिसमें तीव्रता थी, त्वरिता थी, सनसनी थी, ब्रेकिंग थी, किंतु पत्रकारिता की आत्मा लुप्त होने लगी थी। पिछले दो दशकों में भारत की पत्रकारिता अपनी विश्वसनीयता के सबसे निचले पायदान पर पहुंच गई है। आज जब हम हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, तब हमें यह भी विचार करना होगा कि हम कहां से चले थे और कहां आ पहुंचे हैं?

# हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा


**हिंदी पत्रकारिता की यह द्विशताब्दी केवल एक कालक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्मृति, समाज की संवेदना और जनसंघर्ष का दस्तावेज है। इस यात्रा में 'उदंत मार्तंड' की छोटी सी कोशिश से लेकर आज के डिजिटल प्लेटफार्म तक की दूरी में असंख्य कहानियां, बलिदान, विवाद, संघर्ष की उपलब्धियां छुपी हैं। आज जब हिंदी पत्रकारिता 200 वर्ष की इस यात्रा के मील के पत्थर पर खड़ी है, तब आवश्यक है कि हम इस विरासत को केवल स्मरण तक ही न रखें, बल्कि उसे प्रेरणा बनाकर पत्रकारिता की आत्मा को पुनर्जीवित करने का संकल्प लें, तभी हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाने की सार्थकता होगी।**



राहुल 'नील'

30 मई, 1826 को 'उदन्त मार्तण्ड' हिंदी समाचार-पत्र के प्रकाशन से शुरू हुई हिंदी पत्रकारिता आज 200 गौरवशाली वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुकी है। हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में 30 मई का दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। आज ही के दिन 30 मई, 1826 को पं. जुगल किशोर शुक्ल ने हिंदी पत्रकारिता का पहला हिंदी साप्ताहिक समाचार-पत्र 'उदंत मार्तंड' का प्रकाशन कलकत्ता (अब कोलकाता) में शुरू किया था। इसी दिन की याद में हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने काफी दिनों तक 'उदंत मार्तंड' समाचार-पत्र को चलाया, लेकिन धनाभाव के कारण उन्हें यह समाचार-पत्र बंद करना पड़ा। लेकिन इस हिंदी समाचार-पत्र ने हिंदी में समाचार-पत्रों की नींव रख दी थी। उस समय अलग-अलग क्षेत्रों में क्षेत्रीय भाषा में कई लोग समाचार-पत्र प्रकाशित कर रहे थे, उसी में पत्रकारिता की शुरुआत बंगाल से हुई और इसका श्रेय राजाराम मोहन राय को दिया जाता है। उन्होंने प्रेस को सामाजिक उद्देश्य से जोड़ा।

1857 की क्रांति के बाद हिंदी पत्रकारिता अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ एक सशक्त हथियार बनी। इस युग में भारतेंदु हरिश्चंद्र (जिन्हे हिंदी पत्रकारिता का जनक माना जाता है) ने साहित्यिक और राजनीतिक चेतना जगाई। इसके बाद बाल गंगाधर तिलक, गणेश शंकर विद्यार्थी, माखनलाल चतुर्वेदी और प्रताप नारायण मिश्र जैसे महान पत्रकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राणों की बाजी लगा दी। आज़ादी के बाद पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्थान और लोकतंत्र की रक्षा करना बन गया। इस दौर में नवभारत टाइम्स, हिंदुस्तान टाइम्स, बिजनौर टाइम्स आदि जैसे समाचार-पत्रों ने देश के कोने-कोने में हिंदी भाषा को पहुंचाया। आपातकाल (1975) के दौरान और उसके बाद हिंदी पत्रकारिता ने अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।



वैश्वीकरण और इंटरनेट के आगमन के साथ हिंदी पत्रकारिता में भारी बदलाव आया है। आज यह केवल प्रिंट मीडिया तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल पोर्टल्स, पॉडकास्ट और सोशल मीडिया के माध्यम से वैश्विक स्तर पर पहुंच चुकी है। आज इसने अंग्रेजी पत्रकारिता के एकाधिकार को समाप्त कर अपनी एक अलग अग्रणी पहचान बनाई है। आज लाइव हिंदुस्तान, जनसत्ता, दैनिक भास्कर, डिजिटल,बिजनौर टाइम्स एवं चिंगारी डिजिटल आदि जैसे वेब पोर्टल्स ने हिंदी पत्रकारिता को न्यूज़ रूम से निकालकर मोबाइल स्क्रीन तक पहुंचा दिया है, लेकिन आज इसके सामने व्यवसायिकता, टीआरपी की दौड़, फेक न्यूज़ और एडिटोरियल स्वतंत्रता जैसी नई चुनौतियां भी हैं। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष यह साबित करते हैं कि यह भाषा भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक आत्मा की आवाज है। आज डिजिटल युग में विश्वसनीयता और जनसरोकारों को बनाए रखना ही हिंदी पत्रकारिता का सबसे बड़ा धर्म है।

हिंदी पत्रकारिता की यह द्विशताब्दी केवल एक कालक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्मृति, समाज की संवेदना और जनसंघर्ष का दस्तावेज है। इस यात्रा में 'उदंत मार्तंड' की छोटी सी कोशिश से लेकर आज के डिजिटल प्लेटफार्म तक की दूरी में असंख्य कहानियां, बलिदान, विवाद, संघर्ष की उपलब्धियां छुपी हैं। आज जब हिंदी पत्रकारिता 200 वर्ष की इस यात्रा के मील के पत्थर पर खड़ी है, तब आवश्यक है कि हम इस विरासत को केवल स्मरण तक ही न रखें, बल्कि उसे प्रेरणा बनाकर पत्रकारिता की आत्मा को पुनर्जीवित करने का संकल्प लें, तभी हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाने की सार्थकता होगी।

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों का इतिहास भारतीय समाज की चेतना, संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों का इतिहास भी है। 30 मई 1826 को पंडित युगल किशोर शुक्ल द्वारा 'उदंत मार्तंड' के प्रकाशन से प्रारंभ हुई हिंदी पत्रकारिता ने इन दो शताब्दियों में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। कभी यह स्वतंत्रता आंदोलन की आवाज बनी, कभी सामाजिक सुधार का माध्यम और आज लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज को दिशा देने का कार्य कर रही है। इस लंबी यात्रा में क्षेत्रीय पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, क्योंकि इसी पत्रकारिता ने गांव, कस्बों और छोटे शहरों की वास्तविक समस्याओं को देश के सामने रखा।

हिंदी पत्रकारिता का स्वर्णिम पक्ष यह रहा कि उसने केवल सत्ता के गलियारों की ख़बरें नहीं छापीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को भी अभिव्यक्ति दी। राष्ट्रीय स्तर पर 'प्रताप', 'आज', 'कर्मवीर' और 'सरस्वती' जैसे पत्रों ने जनचेतना जगाई, वहीं क्षेत्रीय समाचार-पत्रों ने स्थानीय समाज के दुख-दर्द को शब्द दिए। यही कारण है कि हिंदी पत्रकारिता को 'जनपत्रकारिता' भी कहा गया।

उत्तर प्रदेश का बिजनौर जिला क्षेत्रीय पत्रकारिता की इसी गौरवशाली परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां से प्रकाशित 'मदीना', 'चिंगारी', 'बिजनौर टाइम्स' जैसे समाचार-पत्रों ने निर्भीक पत्रकारिता की मिसाल पेश की। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद इन अख़बारों ने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उस दौर में पत्रकारिता केवल व्यवसाय नहीं थी, बल्कि समाज सेवा और जनजागरण का मिशन थी।

'चिंगारी' अपने नाम की तरह ही व्यवस्था की विसंगतियों के खिलाफ एक चेतावनी और प्रतिरोध की आवाज थी। इस अख़बार ने भ्रष्टाचार, अन्याय और सामाजिक असमानता के विरुद्ध निर्भीक लेखन किया। क्षेत्रीय पत्रकारिता की ताकत यही थी कि वह सत्ता के करीब नहीं, बल्कि समाज के करीब खड़ी रहती थी। छोटे शहरों की पत्रकारिता में आज भी वह आत्मीयता दिखाई देती है, जो बड़े कॉरपोरेट मीडिया में कई बार खो जाती है।

**बिजनौर की क्षेत्रीय पत्रकारिता ने केवल ख़बरें नहीं दीं, बल्कि समाज में वैचारिक चेतना भी पैदा की। स्थानीय पत्रकार गांवों में जाकर समस्याओं को समझते थे और जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन को जवाबदेह बनाते थे। यही पत्रकारिता लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करती है। क्षेत्रीय अख़बारों ने किसानों, मजदूरों, शिक्षकों, व्यापारियों और आम नागरिकों के मुद्दों को मंच दिया।**

आज जब मीडिया का बड़ा हिस्सा बाजारवाद और टीआरपी की दौड़ में उलझा दिखाई देता है, तब क्षेत्रीय पत्रकारिता की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। छोटे शहरों और जिलों से निकलने वाले समाचार-पत्र आज भी जमीनी सच्चाइयों को सामने लाने का कार्य कर रहे हैं। डिजिटल युग में चुनौतियां अवश्य बढ़ी हैं, लेकिन क्षेत्रीय पत्रकारिता की विश्वसनीयता अब भी उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों की यह यात्रा हमें यह समझाती है कि पत्रकारिता का वास्तविक उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और लोकतंत्र को मजबूत बनाना भी है। 'बिजनौर टाइम्स' और 'चिंगारी' जैसे अख़बार इस गौरवशाली परंपरा के जीवंत उदाहरण हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों में भी निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता की मशाल जलाए रखी।

# किसानों की बड़ी जीत : केंद्र ने वापस लिया 'गन्ना (नियंत्रण) आदेश-2026' का मसौदा

## चौ. दिगंबर की मुहिम रंग लाई, हजारों किसानों के सुझावों और विरोध के बाद केंद्र सरकार ने लिया फैसला



**बिजनौर (चिंगारी)।** गन्ना किसानों, गुड़ एवं खांडसारी उद्योग से जुड़े लाखों लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार ने प्रस्तावित 'गन्ना (नियंत्रण) आदेश-2026' के मसौदे को फिलहाल वापस लेने का फैसला किया है। इस निर्णय को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) और किसान संगठनों की बड़ी जीत माना जा रहा है। संगठन के वरिष्ठ नेता चौधरी दिगंबर सिंह ने दावा किया कि किसानों के हितों को प्रभावित करने वाले इस मसौदे के खिलाफ चलाए गए उनके व्यापक जन-जागरण अभियान, हजारों ई-मेल और विभिन्न स्तरों पर हुई पैरवी का सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

गन्ना समिति कार्यालय बिजनौर में आयोजित पत्रकार वार्ता में चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश में ऐसे कई प्रावधान शामिल थे, जिनसे गन्ना किसानों, गुड़ उत्पादकों और खांडसारी उद्योग के हित प्रभावित हो सकते थे। उन्होंने कहा कि मसौदे पर आपत्तियां और सुझाव मांगे गए थे, लेकिन किसानों की भागीदारी को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया था। जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी मिली, उन्होंने संगठन के माध्यम से प्रदेशव्यापी अभियान शुरू कर दिया।

### 50 हजार से अधिक ई-मेल भेजे गए

दिगंबर सिंह ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के नेतृत्व में किसानों और संबंधित उद्योगों से जुड़े लोगों ने बड़े स्तर पर अपनी आपत्तियां और सुझाव केंद्र सरकार तक पहुंचाए। प्रदेश भर से 50 हजार से अधिक ई-मेल भेजे गए, जबकि केवल बिजनौर जनपद से लगभग 2 हजार किसानों ने अपने सुझाव और आपत्तियां संगठन के माध्यम से भेजीं।

उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल ई-मेल तक सीमित नहीं रहा। संगठन ने विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मुलाकात कर किसानों की चिंताओं से उन्हें अवगत कराया। इसी क्रम में चौधरी दिगंबर सिंह ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह, प्रमुख सचिव गन्ना तथा मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात कर किसानों का पक्ष मजबूती से रखा।

### जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री तक पहुंचाई किसानों की चिंता

भाकियू (अराजनैतिक) नेताओं के अनुसार केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने भी इस मसले को गंभीरता से लेते हुए किसानों की आशंकाओं और सुझावों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखा। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने भी अपने स्तर से किसान हितों को प्राथमिकता देते हुए केंद्र सरकार को सुझाव भेजे। संगठन का कहना है कि केंद्र सरकार को राज्य सरकारों, किसान संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों और अन्य संबंधित पक्षों की ओर से बड़ी संख्या में सुझाव और टिप्पणियां प्राप्त हुईं। इन सुझावों की समीक्षा के बाद सरकार ने महसूस किया कि प्रस्तावित आदेश पर और अधिक विचार-विमर्श तथा व्यापक समीक्षा की आवश्यकता है। इसी कारण मसौदे को फिलहाल वापस लेने का निर्णय लिया गया।

### किसानों की आवाज़ को मिली अहमियत

चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि यह फैसला दर्शाता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसानों की आवाज़ को अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि यह आदेश बिना पर्याप्त चर्चा और किसान हितों की सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना लागू होता तो गन्ना उत्पादकों और गुड़-खांडसारी उद्योग के सामने कई व्यावहारिक समस्याएं खड़ी हो सकती थीं। उन्होंने केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि किसानों की एकजुटता और संगठनात्मक प्रयासों ने यह साबित कर दिया है कि जनहित के मुद्दों पर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से उठाई गई आवाज़ प्रभावी परिणाम दे सकती है।

### प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व जयंत चौधरी का जताया आभार

भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने इस निर्णय को किसानों के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता का परिचायक बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह का आभार व्यक्त किया। संगठन ने कहा कि किसानों, गुड़ एवं खांडसारी उद्योग के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है और इससे लाखों किसानों को राहत मिली है।

### किसान हितों की लड़ाई जारी रहेगी

भाकियू (अराजनैतिक) ने स्पष्ट किया कि संगठन भविष्य में भी किसानों के हितों से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर सजग रहेगा। यदि किसी नीति या आदेश से किसानों के हित प्रभावित होने की आशंका होगी तो संगठन उसी मजबूती के साथ किसानों की आवाज़ सरकार तक पहुंचाने का काम करेगा। इस पूरे घटनाक्रम को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है, जहां गन्ना खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा मसौदा वापस लिए जाने से उनकी आशंकाएं दूर हुई हैं और अब व्यापक चर्चा के बाद ही कोई नया निर्णय लिया जाना चाहिए।

---

# ईद पर भाई से मिलने जा रही महिला को ट्रक ने कुचला

### ट्रक चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** ईद पर भाई से मिलने मेरठ से बिजनौर आ रही एक महिला को ट्रक ने कुचल दिया, जिससे महिला की मौत हो गयी। मौके से भागने का प्रयास कर रहे ट्रक चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। मेरठ के मौहल्ला शान नगर निवासी नदीम की पत्नी शबा शुक्रवार को पति व बच्चों के साथ भाई से मिलने बिजनौर आ रही थी। इसी दौरान बैराज के पास पहुंचने पर बच्चों ने पानी मांगा तो नदीम ने स्कूटी को सड़क किनारे रोक दिया और बच्चे को पानी पिलाने लगा। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक संख्या एचआर 55 एसी 6714 ने टक्कर मार दी, जिससे सभी इधर-उधर गिर गए और शबा ट्रक के पहिये के नीचे कुचली गयी। आनन-फानन में महिला को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

**बाबू ईश्वरी प्रसाद रावल मैमोरियल (पी.जी.) कॉलेज शहजादपुर (बिजनौर)**

(स्ववित्तपोषित संस्था)


**आवश्यकता है**

रसायनशास्त्र विज्ञान तथा समाजशास्त्र विषय के स्नातकोत्तर शिक्षण कार्य हेतु यूजीसी मानकानुसार एक-एक योग्य शिक्षक की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अविलम्ब शैक्षिक योग्यता सम्बंधी प्रपत्र महाविद्यालय के प्राचार्य को उपलब्ध कराएं।

**प्राचार्य**

मो. 9084844953, 8958163090

### मुनव्वर अली को एमएलसी पद के प्रत्याशी के वोट बनवाने की जिम्मेदारी



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने नजीबाबाद के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुनव्वर अली को बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र पद के प्रत्याशी मौहम्मद दानिश अख्तर के पक्ष में फार्म-19 के द्वारा वोट बनवाने में पूर्ण सहयोग करने की जिम्मेदारी दी। मुनव्वर अली ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का काम करेंगे।

---

# भौतिकवादी सपनों की पीड़ा : विवाह की बढ़ती आयु सीमा

### आज का विचार



-सत्यराज

शास्त्रों में आयु सीमा 100 वर्ष मानकर इसे 25-25 वर्षों के चार भागों में बांटा गया है। प्रथम 25 वर्ष में मनुष्य को शिक्षा और व्यक्तित्व निर्माण करने की सलाह दी गई है। 25 से 50 वर्ष में कैरियर, शादी विवाह और सामाजिक रूप से स्थापित करने का सुझाव है। 50 से 75 और जीवित रहे, तो 75 से आगे के जीवन में वानप्रस्थ और सन्यास बताया गया है, जो अब मुक्ति का रास्ता नहीं रहे। अब तो वनस्पति के हरे-भरे वन नहीं, बल्कि कंक्रीट के जंगलों में ही जीवन पूरा होने लगा है ।



जीवन की इस बदलती परिभाषा में आज अतिमहत्वपूर्ण पहले और दूसरे चरण पर चर्चा की आवश्यकता है। साथियों निरंतर विकसित हो रहे समाज में आर्थिक उत्कंठा भी बढ़ रही है। कम पूंजी में आप अपने सपनों को पूरा नहीं कर सकते। ज्यादा पैसे के लिए आपको बेहतर नौकरी अथवा कारोबार चाहिए। इसके लिए युवाओं को उच्च शिक्षा के बाद ही रास्ते खुलते हैं और इस यात्रा में वह जीवन के प्रथम आश्रम से दूसरे आश्रम में प्रवेश कर जाता है अथवा कर जाती है, उसे पता ही नहीं चलता। 25 वर्ष की आयु तक पूर्ण होने वाला शिक्षा और व्यक्तित्व निर्माण वाला चरण 30 वर्ष अथवा उससे अधिक तक चलता रहता है। बस जीवन धारा का असंतुलन यहीं से शुरू हो जाता है। ऐसा नहीं की माता-पिता 25 वर्ष के हो चुके अपने बच्चों के विवाह की बातें न करते हों। रिश्ते आने शुरू हो जाते हैं अथवा वो तलाश करने लगते हैं, लेकिन अधिक पूंजी वाले सपनों को पूरा करने का प्रयास - यात्रा में बच्चे अब अपने माता-पिता का कहना न मानकर विवाह से पहले अपनी उच्च नौकरियां या कारोबार को प्राथमिकता देने लगे हैं ।

इस भौतिकवादी संघर्ष कल के चलते युवक 30+ के हो जाते हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता और फिर रिश्ते भी काम आने लगते हैं। अक्सर विवाह संयोग में माता-पिता की राय को दरकिनार कर ये सपनों से लबरेज युवा प्रतिवाद करने लगते हैं। इस कशमकश से विवाह के परंपरागत तरीके निर्मूल हो गए हैं। माता-पिता अपने बेटे / बेटी के लिए जो रिश्ते ढूंढते हैं, उनमें घर, परिवार, व्यवहार, संस्कार सभी गुणों की परख होती है। उधर लड़के/ लड़की जो स्वयं अपने पार्टनर का चुनाव करते हैं, उनमें केवल और केवल एक अकेले की ही परख होती है। अच्छा रहे की 25 से 28 वर्ष तक बच्चे शादी कर लें और अति भौतिकवादी भविष्य ने तलाश कर मध्यम करियर से जीवन की शुरुआत करें, क्योंकि शास्त्रों में निर्धारित प्रथम दो आश्रम का संतुलन बनाओगे तो आपके भौतिकवादी सपनों को पीड़ा भी कम होगी और जीवन का संतुलन भी बना रहेगा।

# विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सांसदों व विधायकों से किया मंथन

**देहरादून ( चिंगारी )।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड आए हुए हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को नितिन नबीन देहरादून के एक होटल में पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर रहे है। इस बैठक में पार्टी के सभी विधायक, मंत्री और सांसद मौजूद है।

बैठक में 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा होने के साथ ही बीजेपी संगठन से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर बात होगी। 28 मई को भी बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की थी। इस दौरान नितिन नबीन ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र भी दिया था। साथ ही उन्होंने कहा था कि विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे का जवाब देने के लिए भी रणनीति बनाई जायेगी।

इसके अलावा कल कोर कमेटी की भी बैठक हुई थी। कोर कमेटी की बैठक में तय हुआ था कि कोर कमेटी के सभी सदस्य दो दिन एक विधानसभा में प्रवास करेंगे। जून, जुलाई और अगस्त में होने वाले इस प्रवास में प्रदेश कोर कमेटी सदस्य संबंधित विधानसभा कोर कमेटी से संवाद करेंगे और बूथ पर जाकर जमीनी रणनीति बनाएगें।



इसके साथ ही स्थानीय समस्याओं का फीड बैक लेकर सरकार को निराकरण के लिए सुझाव देगी। शीघ्र ही रणनीति बनाते हुए कमेटी सदस्यों के प्रभावो के अनुसार विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी जाएगी। बता दें कि आगामी 2027 के चुनाव बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के लिए काफी अहम है। क्योंकि बीजेपी जहां जीत की हैट्रिक लगाकर इतिहास रचने की तैयारी में है तो वहीं कांग्रेस अपनी खोई हुई सत्ता पाने की जुगत में लगी हुई है।

भाजपा की प्रदेश चुनाव समिति ने 3 नगर पालिका और नगर पंचायत के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि नगर पालिका परिषद नरेंद्र नगर से राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार, नगर पंचायत में पाटी से नबीन राम तथा नगर पंचायत गढ़ी नेगी से सचिन बाठला प्रत्याशी घोषित किये गए हैं।

## पदाधिकारियों व पार्टी नेताओं को दिये टिप्स

**भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तीन दिवसीय उत्तराखंड प्रवास पर आए हुए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ प्रबंधन को लेकर पार्टी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया और पार्टी नेताओं को टिप्स दिए। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि लोकसभा और विस चुनावों में ऐसे बूथ जहां पर पार्टी उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा, उसे लेकर एक टीम गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोर कमेटी के सदस्य दो-दो दिन के प्रवास पर उन क्षेत्रों मे जाकर उस विधानसभा के कोर कमेटी के सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे और बूथ पर भी बैठक करेंगे। महेंद्र भट्ट ने कहा कि कोर कमेटी के 17 सदस्य जून, जुलाई और अगस्त माह मे सभी विस क्षेत्रों मे दौरा करेंगे। सभी प्रभावशाली सदस्यों को क्षेत्रवार जिम्मेदारी दी जायेगी। बैठक में उन्होंने कहा कि विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे का जवाब देने के लिए भी रणनीति बनाई जायेगी। पार्टी की चुनाव की योजना पूरी तरह बूथ आधारित होती है और उसी विषय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हमें बैठक में आवश्यक मार्गदर्शन दिया है।**

# शिविर में योग क्रियाओं की जानकारी दी



**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति धामपुर द्वारा ग्राम नौरंगाबाद के पंचायत भवन में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन हरिद्वार से पहुंचे वरिष्ठ राज्य प्रभारी विपिन आर्य ने योग साधकों को विभिन्न योग क्रियाओं, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवन शैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ एवं मन प्रसन्न रहता है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं योग प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचन्द्र चौहान, योगाचार्य गजराज सिंह, ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार राजू, धनंजय सिंह, डॉ. राजेंद्र चौहान, धर्मेश कुमार, राम सिंह सैनी सुमन, विनोद चांदना, टीकम सिंह फौजी, प्रीतम सिंह, शूरवीर सिंह, दयाराम सिंह, जगदीश प्रकाश, सुनीता नंदा, अनीता रस्तोगी, शिक्षा देवी एवं मंजुलता सहित अनेक लोग मौजूद रहे। शिविर का संचालन जिला संगठन मंत्री शिवेंद्र अग्रवाल द्वारा किया गया।

# ग्राम प्रधान नहीं करा रहे नाले की सफाई महिलाओं ने एसडीएम से समस्या बताई

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत जीतनपुर के ग्राम प्रधान की कथित निष्क्रियता और हठधर्मिता से परेशान होकर लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी आधा दर्जन महिलाओं ने उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा को ज्ञापन देकर कॉलोनी में स्थित नाले की सफाई न होने से हो रही जलभराव की समस्या का समाधान करने की मांग की है। लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी पूजा कुमारी, सुमनवाला लालतेश कुमारी, प्रियंका रानी आदि महिलाओं ने उप जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में अवगत कराया है कि कॉलोनी में स्थित नाले की सफाई न होने के कारण जल भराव की समस्या बनी हुई है। जल भराव के कारण आसपास के घरों में पानी जाने से मक्खी मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है जिससे मलेरिया, डेंगू आदि संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। उनका कहना है कि इस संबंध में ग्राम पंचायत जीतनपुर के ग्राम प्रधान को अनेकों बार अवगत करा दिया गया है परंतु उन्होंने आज तक इस समस्या का समाधान नहीं किया है। उन्होंने उप जिला अधिकारी से नाले की सफाई कराए जाने की मांग की है।

# मंत्री हो या संत्री... अब सबको कटवानी पड़ेगी बाबा की पर्ची

## 1100 रुपये के 'सुगम दर्शन' से भरेगा बीकेटीसी का खजाना

**देहरादून ( चिंगारी )।** बाबा केदार की पावन नगरी में अब दर्शन व्यवस्था पूरी तरह बदलने जा रही है। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में बढ़ती भीड़, वीआईपी कल्चर और अव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था के बीच बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने बड़ा फैसला लेते हुए नई एसओपी जारी कर दी है। नई व्यवस्था के तहत अब 'सुगम दर्शन' के लिए श्रद्धालुओं को 1100 रुपये शुल्क देना होगा।

### पंडा-पुरोहितों पर भी लागू हुई नई व्यवस्था



इस फैसले के बाद धाम में एक नई बहस छिड़ गई है। चर्चा इस बात की है कि अब बाबा के दरबार में मंत्री हो या संत्री, आम श्रद्धालु हो या खास व्यक्ति सभी को नियमों के तहत 'पर्ची' कटवानी पड़ेगी।

मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने बताया कि यह व्यवस्था यात्रा संचालन को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से लागू की गई है। लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या, खराब मौसम और लंबी कतारों की समस्या को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नई एसओपी के अनुसार अब श्रद्धालुओं को निर्धारित शुल्क देकर तय समय में सुगम दर्शन की सुविधा दी जाएगी। इससे घंटों लाइन में लगने की समस्या कम होगी और विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं एवं अस्वस्थ यात्रियों को राहत मिल सकेगी।

लेकिन सबसे बड़ी चर्चा इस बात को लेकर है कि इस नई व्यवस्था का असर अब पंडा-पुरोहितों और उनके यजमानों पर भी पड़ने जा रहा है। वर्षों से चली आ रही परंपरागत व्यवस्थाओं के बीच अब यजमानों के लिए भी प्रक्रिया के तहत पर्ची कटवाना अनिवार्य बताया जा रहा है। इसे बीकेटीसी द्वारा व्यवस्था पर 'कड़ा नियंत्रण' माना जा रहा है। धाम में यह चर्चा भी तेज है कि अब वीआईपी संस्कृति पर भी काफी हद तक रोक लगेगी। यानी सिफारिश, रसूख और दबाव की बजाय अब नियम और शुल्क आधारित व्यवस्था लागू होगी।

# नवनिर्मित स्टेशन की दीवार से उखड़ कर फिर प्लेटफार्म पर गिरा लाल बलुआ पत्थर

**धामपुर ( चिंगारी )।** 80 करोड़ रुपए की लागत से बने धामपुर रेलवे स्टेशन के नये भवन में लगे लाल बलुआ पत्थर 10 दिन के भीतर दूसरी बार टूट कर गिर जाने से निर्माण कार्यों की पोल खुलने लगी है। गनीमत यह रही कि जिस समय यह पत्थर दीवार से टूट कर नीचे गिरे उस समय वहां कोई यात्री नहीं था।



टूटा हुआ पत्थर।

3 वर्ष पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जब धामपुर आए थे, तो उन्होंने धामपुर स्टेशन के नवनिर्माण की नींव रखते हुए यह घोषणा की थी कि धामपुर का यह रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास का बनेगा उनकी इस घोषणा के बाद धामपुर रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया था। लगभग 3 वर्ष तक चले इस कार्य के बाद धामपुर रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य तो पूरा हो गया, लेकिन इसका लोकार्पण अभी तक नहीं हो पाया है। मिली जानकारी के अनुसार 28 मई की रात को रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग पर लगा एक लाल बलवा पत्थर अचानक दीवार से जमीन पर प्लेटफार्म की ओर आ गिरा। इससे पूर्व 18 मई को धामपुर रेलवे स्टेशन के बाहर वाली साइड की दीवार का पत्थर भी अचानक उखड़ कर फर्श पर आ गिरा था। इन दो घटनाओं ने रेलवे विभाग की बिल्डिंग के निर्माण कार्यों की पोल खोल दी है ।

# जनगणना कार्य में लापरवाही पर भड़कीं जिलाधिकारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की प्रगति को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी बिजनौर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई चार्ज स्तरों पर कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।

बैठक में बताया गया कि नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में 30 प्रगणकों तथा चांदपुर तहसील क्षेत्र में 32 प्रगणकों ने ड्यूटी करने से इंकार कर दिया है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित कार्मिकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण शासकीय दायित्व है और सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में लापरवाही अथवा ड्यूटी से इंकार करने की स्थिति में जनगणना अधिनियम-1948 की धारा 11 के अंतर्गत संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला जनगणना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी जनगणना सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ईद मुबारक के पोस्टर पर बकरे के साथ गाय का फोटो लगाना महंगा पड़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बकरीद के मौके पर सोशल मीडिया पर एआई से तैयार किया गया एक ईद मुबारक पोस्टर साझा करना एक युवक को महंगा पड़ गया। पोस्टर में बकरे के साथ गाय का चित्र इस्तेमाल किए जाने पर विवाद खड़ा हो गया। बजरंग दल के जिला संयोजक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। स्थानीय मोहल्ला चाहशीरी निवासी मोहम्मद उमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप और फेसबुक आदि पर बकराईद की मुबारकबाद देते हुए एक पोस्टर अपलोड किया था। आरोप है कि पोस्टर में एआई द्वारा तैयार की गई तस्वीर में बकरे के साथ गौमाता का चित्र भी दर्शाया गया, जिसे लेकर हिंदू संगठनों ने आपत्ति जताई। इस मामले में बजरंग दल के जिला संयोजक अरुण चौधरी ने कोतवाली शहर में तहरीर देकर आरोप लगाया कि पोस्टर में गौमाता के चित्र का प्रयोग हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है, इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। तहरीर में कहा गया कि हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय माना जाता है और इस प्रकार का चित्रण आपत्तिजनक एवं निंदनीय है। पुलिस को दी गई शिकायत में यह भी कहा गया कि सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने से लोगों में रोष व्याप्त है। इससे शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सपा ने श्रद्धापूर्वक मनायी चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री,किसानों के मसीहा एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने चौधरी साहब को नमन करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह का संपूर्ण जीवन किसानों,मजदूरों एवं गांवों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके सिद्धांत और विचार आज भी सपा की प्रेरणा हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के बताए रास्ते पर चलते हुए कार्यकर्ता गांव, किसान,मजदूर और नौजवानों के अधिकारों की आवाज़ को हमेशा बुलंद करते रहेंगे। चौधरी चरण सिंह गांव, किसान, छोटे व्यापार और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को एक साथ मजबूत करने के पक्षधर थे। विचार गोष्ठी प्रवक्ता अख़लाक़ पप्पू के संचालन में हुई, जिसमें मुख्य रूप से मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र चौधरी, प्रभा चौधरी,सत्यपाल सिंह, श्लोक पवार, कमलेश भुईयार, मदनलाल सैनी, बीके कश्यप एड., राधा सैनी, मनोज राजपूत, महमूद कस्सार, देवानन्द भुईयार, नाजिर अंसारी, संजय पाल, प्रमोद प्रधान, सुरेंद्र वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# जेल में बंद विचाराधीन बंदी की मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कारागार बिजनौर में निरुद्ध विचाराधीन बंदी शकील अहमद की उपचार के दौरान मेरठ मेडिकल कॉलेज में हुई मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। उपजिलाधिकारी सदर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। एसडीएम सदर ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के पास मामले से संबंधित कोई साक्ष्य, बयान या जानकारी हो तो वह 25 जून 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे के बीच उप जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, बिजनौर में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

Hero
ईद की खुशियों में हीरो बनेगा हमेशा की तरह आपका हमसफ़र
जल्द से जल्द आयें और आकर्षक उपहार के साथ अपनी बाइक घर ले जायें।
आकर्षक उपहार





SPLENDOR+ शुरुआती दाम ₹ 77119*
HF Deluxe शुरुआती दाम-₹ 62105*
* नियम शर्तें लागू
5 CRORE + HAPPY SPLENDOR CUSTOMERS
सबसे कम दाम व सबसे सस्ता फाइनेंस
एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।
* कम से कम डाउन पेमेंट
* सबसे कम ब्याज दर
* बिना चेक बुक के फाइनेंस
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# पत्रकारिता की आत्मा को पुनर्जीवित करने का संकल्प लें!

30 मई, 1826 को 'उदन्त मार्तण्ड' हिंदी समाचार-पत्र के प्रकाशन से शुरू हुई हिंदी पत्रकारिता आज 200 गौरवशाली वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुकी है। हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में 30 मई का दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। आज ही के दिन 30 मई, 1826 को पं. जुगल किशोर शुक्ल ने हिंदी पत्रकारिता का पहला हिंदी साप्ताहिक समाचार-पत्र 'उदंत मार्तंड' का प्रकाशन कलकत्ता (अब कोलकाता) में शुरू किया था। इसी दिन की याद में हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने काफी दिनों तक 'उदंत मार्तंड' समाचार-पत्र को चलाया, लेकिन धनाभाव के कारण उन्हें यह समाचार-पत्र बंद करना पड़ा।

लेकिन इस हिंदी समाचार-पत्र ने हिंदी में समाचार-पत्रों की नींव रख दी थी। उस समय अलग-अलग क्षेत्रों में क्षेत्रीय भाषा में कई लोग समाचार-पत्र प्रकाशित कर रहे थे, उसी में पत्रकारिता की शुरुआत बंगाल से हुई और इसका श्रेय राजाराम मोहन राय को दिया जाता है। उन्होंने प्रेस को सामाजिक उद्देश्य से जोड़ा।

1857 की क्रांति के बाद हिंदी पत्रकारिता अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ एक सशक्त हथियार बनी। इस युग में भारतेंदु हरिश्चंद्र ( जिन्हें हिंदी पत्रकारिता का जनक माना जाता है) ने साहित्यिक और राजनीतिक चेतना जगाई। इसके बाद बाल गंगाधर तिलक, गणेश शंकर विद्यार्थी, माखनलाल चतुर्वेदी और प्रताप नारायण मिश्र जैसे महान पत्रकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राणों की बाजी लगा दी। आज़ादी के बाद पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्थान और लोकतंत्र की रक्षा करना बन गया। इस दौर में नवभारत टाइम्स, हिंदुस्तान टाइम्स, बिजनौर टाइम्स आदि जैसे समाचार-पत्रों ने देश के कौने-कौने में हिंदी भाषा को पहुंचाया। आपातकाल (1975) के दौरान और उसके बाद हिंदी पत्रकारिता ने अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।

वैश्वीकरण और इंटरनेट के आगमन के साथ हिंदी पत्रकारिता में भारी बदलाव आया है। आज यह केवल प्रिंट मीडिया तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल पोर्टल्स,




पॉडकास्ट और सोशल मीडिया के माध्यम से वैश्विक स्तर पर पहुंच चुकी है। आज इसने अंग्रेजी पत्रकारिता के एकाधिकार को समाप्त कर अपनी एक अलग अग्रणी पहचान बनाई है। आज लाइव हिंदुस्तान, जनसत्ता, दैनिक भास्कर, डिजिटल, बिजनौर टाइम्स एवं चिंगारी डिजिटल आदि जैसे वेब पोर्टल्स ने हिंदी पत्रकारिता को न्यूज़ रूम से निकालकर मोबाइल स्क्रीन तक पहुंचा दिया है। लेकिन आज इसके सामने व्यवसायिकता, टीआरपी की दौड़, फेक न्यूज़ और एडिटोरियल स्वतंत्रता जैसी नई चुनौतियां भी हैं। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष यह साबित करते हैं कि यह भाषा भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक आत्मा की आवाज है। आज डिजिटल युग में विश्वसनीयता और जनसरोकारों को बनाए रखना ही हिंदी पत्रकारिता का सबसे बड़ा धर्म है।



हिंदी पत्रकारिता की यह द्विशताब्दी केवल एक कालक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्मृति, समाज की संवेदना और जनसंघर्ष का दस्तावेज है। इस यात्रा में 'उदंत मार्तंड' की छोटी सी कोशिश से लेकर आज के डिजिटल प्लेटफार्म तक की दूरी में असंख्य कहानियां, बलिदान, विवाद, संघर्ष की उपलब्धियां छुपी हैं। आज जब हिंदी पत्रकारिता 200 वर्ष की इस यात्रा के मील के पत्थर पर खड़ी है। तब आवश्यक है कि हम इस विरासत को केवल स्मरण तक ही ना रखें, बल्कि उसे प्रेरणा बनाकर पत्रकारिता की आत्मा को पुनर्जीवित करने का संकल्प लें, तभी हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाने की सार्थकता होगी।

-अनिल चौधरी
बिजनौर

# आइये! लेखनी के सदुपयोग की शपथ लें!

**पत्रकारिता को हमारे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। वास्तव में पत्रकारिता केवल ख़बरों का आदान-प्रदान ही नहीं, बल्कि शोषित वर्ग की आवाज, सत्ता का सजग प्रहरी और समाज का वास्तविक दर्पण होता है। इसका उद्देश्य समाज का वास्तविक चित्रण ही नहीं, बल्कि सच्चाई के पीछे के कारणों को उजागर करना होता है। पत्रकारिता की सबसे बड़ी चुनौती निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर आधारित होती है।**

आज का युग सोशल मीडिया का है, आज प्रिंट मीडिया, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ डिजिटल मीडिया का अधिकांश बोलबाला है। ऐसे युग में पत्रकार बंधुओं का उत्तरदायित्व और भी बढ़ जाता है। सनसनीखेज ख़बरों के पीछे वास्तविकता कहीं दब न जाए। एक सच्चा और ईमानदार पत्रकार वास्तव में अपनी लेखनी को पारदर्शिता के साथ प्रकट करता है। वह किसी का भी पक्ष नहीं लेता, चाहे उसके ऊपर कितना भी दबाव क्यों न पड़े। पत्रकारिता का दायित्व बिल्कुल निष्पक्ष होना चाहिए, परिस्थिति चाहे कैसी भी क्यों न हों, हर कदम पर उसे सोच समझकर ही लेखनी को चलाना होता है।



आईये बात करते हैं प्रथम समाचार-पत्र की, जो 200 साल पहले 30 मई 1826 को कलकत्ता से प्रकाशित हुआ था। जिसका नाम 'उदन्त मार्तण्ड' था और इसका संपादन पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने किया था। वह समय अंग्रेजी हुकूमत का था और इस अखबार ने अंग्रेजी सरकार की नींद उड़ा दी थी तथा संपादक पर सरकार ने बहुत से आरोप लगाये, परंतु वह संपादक का कुछ भी नहीं बिगाड़ सकें, क्योंकि सच्चाई का वो सामना नहीं कर सके। एक पत्रकार वास्तव में आम जनता, वंचितों और शोषितों की आवाज और समस्याओं को सरकार और प्रशासन तक पहुंचने में मदद करता है। आज की पत्रकारिता को यदि हम देखें तो यह पैसा बन गई है। कुछ ऐसे पत्रकार जो समाज की सच्चाई को भी प्रदर्शित नहीं कर पाए, उनको केवल निजी लाभ चाहिए। जनपद बिजनौर में निर्भीक और साहसी तथा अपनी उत्कृष्ट लेखनी के धनी पत्रकार भी हुए हैं। जिन्होंने वास्तविक परिदृश्य को उजागर कर अपने अख़बारों में स्थान दिया है। आदरणीय स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान जी इसकी जीती जागती मिसाल हैं। श्री चंद्रमणि रघुवंशी और श्री सूर्यमणि रघुवंशी ऐसे निर्भीक और साहसी पत्रकार हैं, जिनकी लेखनी ने पूरे समाज को अपनी ओर आकर्षित कर रखा है। उनके अखबार बिजनौर टाइम्स और चिंगारी वास्तव में आज भी शोषित, वंचित लोगों की आवाज को बड़े ही पारदर्शी और सच्चाई के साथ अपने अखबारों में प्रकाशित करते आ रहे हैं। आईये आज हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पूरे होने पर एक शपथ लें कि हम अपनी लेखनी का सदुपयोग कर समाज को सच्चाई से अवगत करायें।

-मौहम्मद इरशाद मलिक
वरिष्ठ पत्रकार, चिंगारी
हल्दौर (बिजनौर)

# रोटरी मानवता के लिए काम करने वाली विश्व की एकमात्र संस्था- नितिन अग्रवाल




**स्योहारा ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण का अधिष्ठापन समारोह और मंडलाध्यक्ष की आधिकारिक निरीक्षण सभा का आयोजन यहां मुरादाबाद रोड स्थित वाटिका इन में किया गया।

क्लब अध्यक्ष शोभित जैन की अध्यक्षता और जोनल एजी कांता प्रसाद पुष्पक के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी वर्ष 2025-26 के कार्यों का आकलन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन अग्रवाल द्वारा किया गया। मंडलाध्यक्ष ने क्लब द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रोटरी विश्व की एकमात्र ऐसी संस्था है, जो जाति, भेद, धर्म आदि को ध्यान में न रखते हुए केवल मानवता के लिए काम करती है।

इस मौके पर रोटरी क्लब के संरक्षक और प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि वह रोटरी के साथ जुड़कर समाज के कार्यों में हमेशा मदद करते रहेंगे। मधुर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। सचिव समीर रस्तौगी ने क्लब के पूरे वर्ष की उपलब्धियां बताईं।

मंडलाध्यक्ष ने क्लब के अध्यक्ष शोभित जैन और सचिव रोटेरियन समीर रस्तौगी को कॉलर पहनाया। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष बबीता रस्तौगी और संरक्षक डॉक्टर लिपि सेन वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रश्मि वर्मा को पर्ल रस्तौगी और सुरभि जैन के द्वारा सम्मानित किया गया।

इस मौके पर क्लब के द्वारा नगर के 5 समाज सेवियों और प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इनमें समाज सेवा के क्षेत्र में स्योहारा गौरव सम्मान 96 वर्ष के सरदार प्रीतम सिंह को दिया गया। समाज सेवा का दूसरा पुरस्कार सर्व धर्म सेवा के लिए अरशद अहमद हक्की को दिया गया। प्रशासनिक सेवाओं के लिए थाना प्रभारी संजय कुमार, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल को स्वच्छता और पर्यावरण सुधार के लिए और चिकित्सा के क्षेत्र में सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर बृजेश स्नेही को शील्ड और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ-साथ पत्रकार शारिक जैदी और नजम सिद्दीकी को भी स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटेरियन डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, समीर रस्तौगी, शोभित जैन, हरी गुर्जर, हरिओम सिंह, कांता प्रसाद पुष्पक, लव कुमार रस्तौगी, मुकेश मिगलानी, अरविंदर सिंह काका, सुरेंद्र कुमार अरोड़ा, संजीव कुमार अरोड़ा, शगुन दुआ, अक्षत अग्रवाल, विजेंद्र सिंह पाल, डॉक्टर शास्वत वर्मा, डॉक्टर आदित्य अग्रवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## इन मेधावियों को सम्मानित किया




**हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड और सीबीएसई परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए एमक्यू इंटर कॉलेज की छात्रा अल्फिशा हाईस्कूल, काकुल इंटरमीडिएट, आरएसपी इंटर कॉलेज की तानिया हाईस्कूल टॉपर, कुमारी यशवी चौहान इंटरमीडिएट, बिरला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज के लिए कुमारी एकता हाईस्कूल, कुमारी मुस्कान इंटरमीडिएट, सीबीएसई के विद्यालयों में ज्ञानदीप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दसवीं की छात्रा काकुल और 12वीं की छात्रा काकुल माथुर, मधुर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र तेजस मोहन शर्मा दसवीं और कुमारी दिव्यांशी 12वीं को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।**

# मोबाइल फोन पर आ रहे मौसम संबंधी अलर्ट को नज़र अंदाज न करें- सीओ



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने शुक्रवार को देर शाम स्थानीय बाजार में राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के सामने जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि मोबाइल पर खराब मौसम सम्बन्धी अपडेट आ रहे हैं। कुछ लोग इन अपडेट्स को नजरअंदाज कर रहे हैं, जो कि जोखिम भरा हो सकता है। बहुत तेज आंधी आने, आकाशीय बिजली गिरने से बड़ी दुर्घटना घट सकती है, इसलिये मौसम सम्बन्धी चेतावनी का पालन करें और उस दौरान घरों के अंदर सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि मोबाइल का उपयोग बढ़ा है, तो साइबर फ्रॉड, साइबर क्राइम भी बढ़ा है। साइबर फ्रॉड/क्राइम से बचने के लिये अनजाने लिंक पर कभी भी क्लिक न करें, अनजाने / लालच भरे मैसेज पर विश्वास न करें तथा अनजाने कॉल को रिसीव न करें। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड हो जाता है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल करें, इससे वह पैसा फ्रीज हो जायेगा।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि भूमि सम्बन्धी या पारिवारिक विवाद चल रहे हों, तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस दोनों पक्षों को बुलाकर विवाद के निपटारे का प्रयास करेगी, अन्यथा उचित विधिक कार्यवाही की जायेगी। ग्रामीणों को आपस में वार्तालाप करते रहने और मिल-जुलकर रहने की सलाह दी। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि गांवों में लगने वाली चौपालें आज भी प्रासंगिक हैं और उपयोगी हैं। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर, शिवध्यान सिंह, वीरेन्द्र शर्मा, मौ. साजिद, खालिक हुसैन सहित काफी ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजली सम्बंधी समस्याओं को लेकर वीर सेना ने दिया ज्ञापन



## समाधान न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** जनपद में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या, जर्जर विद्युत लाइनों से पैदा हो रही दुर्घटनाओं की आशंका, अव्यवस्थित विद्युत व्यवस्था एवं विद्युत निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर वीर सेना (भारत) द्वारा जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।

वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रसिक चौहान एवं जिलाध्यक्ष (युवा वर्ग) रजत राजपूत ने बताया कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जनता लंबे समय से बिजली संबंधी समस्याओं से परेशान है। गर्मी एवं बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे विद्यार्थियों, व्यापारियों, किसानों एवं आम नागरिकों का दैनिक जीवन आजकल प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से आवास विकास कॉलोनी स्थित बिजलीघर के क्षमता विस्तार, मंडावर रोड पर नये बिजलीघर के निर्माण, जर्जर विद्युत तारों को केबल सिस्टम से बदलने, समय से रिपेयरिंग एवं मेंटिनेंस कार्य कराने, स्थानीय हेल्पलाइन नंबर जारी करने तथा विद्युत समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक 15 दिन में जनता दरबार आयोजित करने आदि प्रमुख मांगें उठाई गई हैं।

धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। जिलाध्यक्ष बिजनौर राहुल चौहान, जिला मुख्य सलाहकार भूपेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संगठन मंत्री अमित राणा, जिला महामंत्री वैभव चौहान, दिवाकर राजपूत, अभिषेक भारद्वाज, उदित भारद्वाज, आशीष राजपूत, नितिन कश्यप सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# ... तुम तरस नहीं खाते बुलडोजर चलाने में

## जिला बार एसोसिएशन ने चौ. चरण सिंह और डॉ. बशीर बद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में, तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में। इन पंक्तियों को लिखने वाले मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र को याद करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर डॉ. बशीर बद्र आज के माहौल को देखकर लिखते तो कहते- लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में, तुम तरस नहीं खाते बुलडोजर चलाने में।

जिला बार एसोसिएशन द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में जहां स्व. चौधरी चरण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये, वहां मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें




खिराजे अकीदत पेश की गई।

डॉ. बशीर बद्र को याद करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र कुमार एड. ने बताया कि सन् 1999 में जब जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील कुमार राणा थे, तब राष्ट्रीय स्तर का एक मुशायरा व कवि सम्मेलन जजी प्रागंण में तत्कालीन जिला जज श्री एम.ए.खान की सरपरस्ती में हुआ था। इस मुशायरे व कवि सम्मलेन में मशहूर राष्ट्रीय स्तर के कवि व शायर गोपालदास नीरज, हरिओम पंवार और डा. बशीर बद्र अपनी कविता और शेरों शायरी से हजारों श्रोताओं के दिलों पर अमिट छाप छोड़ गये थे।

उन्होंने बताया कि उस समय डा. बशीर बद्र और नीरज की शौहरत इतनी बुलन्दियों पर थी कि उन्होंने बिजनौर में इस मुशायरे को अपने स्तर का न समझ कर जिला बार एसोसिएशन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया था, तब हमने बिजनौर टाइम्स के सम्पादक बाबू सिंह चौहान व उनके मित्र निश्तर खानकाही से सिफारिश करायी थी, तब डा. बशीर बद्र ने जिला बार के मुशायरे में आने का निमन्त्रण स्वीकार किया था। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के महासचिव मनोज सेठी एवं यशपाल सिंह, राजेन्द्र टिकैत सिंह, चरत सिंह सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बिखरने की ओर बढ़ रही है तृणमूल कांग्रेस- सुखेंदु शेखर राय



**कोलकाता ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय ने कहा है कि तृणमूल कांग्रेस (तृणमूल) बिखरने की ओर बढ़ रही है। उन्होंने इसकी वजह पार्टी की अपनी हार के कारणों पर आत्ममंथन करने में असमर्थता को बताया। श्री राय ने दिये एक साक्षात्कार में कहा, यह पार्टी अपने मौजूदा स्वरूप में आगे नहीं चल पाएगी। मेरा मानना है कि यह बिखर जाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि उन्होंने अभी तक अपने राजनीतिक भविष्य के बारे में कोई फैसला नहीं किया है। उन्होंने कहा, मैंने अभी यह तय नहीं किया है कि मुझे कहां जाना है या राजनीति से संन्यास लेना है। श्री राय तृणमूल के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक और बंगाल के कई पीढ़ियों के राजनेताओं (जिनमें दिवंगत राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी भी शामिल हैं) के करीबी सहयोगी रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में वैचारिक शून्यता, भ्रष्टाचार का व्यापक बोलबाला और चुनावी असफलताओं के कारणों पर आत्ममंथन करने में असमर्थता ने इसे बिखरने की कगार पर ला खड़ा किया है। उन्होंने कहा, विचारधारा से विहीन और अपनी स्थापना के बाद से सबसे बुरी हार का सामना कर रही यह पार्टी इस संकट से उबर नहीं पाएगी।

## सिद्दारमैया ने जाते-जाते शिवकुमार, राहुल के लिए खड़ी की मुश्किलें

**बेंगलुरु ( एजेंसी/चिंगारी )।** कर्नाटक के निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने जाते-जाते राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की तैयार की गयी सामाजिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण रिपोर्ट को मंजूर कर कांग्रेस नेतृत्व को असमंजस की स्थिति में खड़ा कर दिया है। उल्लेखनीय है कि सियासत में कभी-कभी ऐसे लम्हें आते हैं जब कोई सरकारी फाइल सिर्फ आगे नहीं बढ़ती, बल्कि उसका अपना एक अलग वजूद बन जाता है। कर्नाटक की जातिगत सर्वेक्षण रिपोर्ट भी एक ऐसा ही मोहरा है। जहां निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने जिस अफसरशाही इत्मीनान और राजनीतिक अंतिम रूप के साथ इसे मंजूर किया है, उसने खामोशी से वही काम करना शुरू कर दिया है, जो आंकड़े अक्सर सबसे बेहतर तरीके से करते हैं- ताकतवरों की नींद उड़ाना। रिपोर्ट की मंजूरी देने की एक आम प्रक्रिया है, लेकिन इसके भीतर ज्यादा दिलचस्प हलचल छिपी हुई है। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी अब खुद को ऐसी असहज स्थिति में पा रहे हैं, जहां उन्हें एक ऐसे दस्तावेज पर जवाब देना भारी पड़ रहा है। वे उसे पूरी तरह नजरअंदाज भी नहीं कर सकते। कर्नाटक के सियासी मिजाज के मंझे खिलाड़ी श्री सिद्दारमैया ने शायद वही किया है, जो तजुर्बेकार सियासतदान अक्सर सबसे बेहतर तरीके से करते हैं- एक ऐसा माहौल छोड़ जाना, जो कानूनी तौर पर तो बिल्कुल साफ-सुथरा हो, लेकिन राजनीतिक रूप से काफी उलझा हुआ हो। यह रिपोर्ट एक बार मंजूर होने के बाद अब सिर्फ कोई सुझाव नहीं रह गयी है। यह एक ऐसा सवाल बन चुकी है, जो जवाब के इंतजार में है। श्री शिवकुमार के लिए यह मुद्दा फिलहाल सबसे अहम है और सीधे उनके क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। राज्य का जातीय समीकरण कभी भी हवा-हवाई नहीं होता। यह उन समुदायों के रूप में सामने आता है, जो पुरानी बातें याद रखते हैं, ऐतराज जताते हैं और एकजुट होते हैं। वोक्कालिगा समुदाय का एक वर्ग, जो पहले भी जातीय सर्वेक्षण को लेकर हुए विवादों को लेकर संवेदनशील रहा है, इसके क्रियान्वयन की दिशा में उठाए जाने वाले किसी भी कदम पर कड़ी और सतर्क निगाह रख सकता है। पद्धति और आंकड़ों पर बहस भले ही दफ्तरों में हो, लेकिन पहचान और प्रतिनिधित्व का सवाल सड़कों पर तय होता है।

## हिन्दी के विकास में पत्रकारिता का अहम योगदान- रणविजय सिंह

### विचार गोष्ठी में हुआ निष्पक्ष पत्रकारिता और पत्रकार सुरक्षा पर मंथन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर यू.पी. जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) बिजनौर इकाई द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, पत्रकारों की चुनौतियों, पत्रकार सुरक्षा और लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। वरिष्ठ पत्रकार एवं उपजा के संरक्षक डॉ. पंकज भारद्वाज ने कहा कि उपजा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि पत्रकारों के सम्मान, अधिकारों और सुरक्षा की लड़ाई लड़ने वाला एक सशक्त मंच है। गोष्ठी में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने हिंदी के उत्थान पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि बिजनौर नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि हम सबको हिंदी को उचित स्थान दिलाने हेतु कार्य करना होगा, तभी हिंदी पत्रकारिताभी सशक्त होगी। सूर्यमणि रघुवंशी ने पत्रकारों से पत्रकारिता की गरिमा, विश्वसनीयता और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान किया। वरिष्ठ पत्रकार उपजा के संरक्षक सुरेंद्र गर्ग ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा हिंदी के प्रथम समाचार-पत्र 'उदंत मार्तंड' का प्रकाशन प्रारंभ किया गया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह ने हिंदी के महत्व को बढ़ाने के लिए सरकार को राष्ट्रभाषा हिंदी का और अधिक प्रचार-प्रसार करना होगा।

कार्यक्रम में उपजा के महामंत्री अतुल गर्ग, मनोज कटारिया, वैध अजय गर्ग, सोमपाल सिंह तंवर, अभिषेक गर्ग, विकास अग्रवाल, रानू चौधरी, भरत गर्ग, दिनेश केसरिया, डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, हर्षित अग्रवाल, आलोक भारद्वाज, संजीव सुदर्शन, सुनील पाल मनोहारिया, राकेश कुमार, यशपाल सिंह, विक्की जोशी, डॉ. लोकचंद शर्मा, एके त्यागी,



मूलचंद चौधरी, रामेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, डॉक्टर अख्तर हुसैन अंसारी, केके रंजन सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह ने पत्रकार हितों की रक्षा और समाजहित में पत्रकारिता को और अधिक सशक्त बनाने का आवाहन किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शुभम वालिया व अतुल गर्ग द्वारा किया गया।

# कबाड़ी मार्केट में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में दो वाहन व गोदाम जला

### खुर्शीद मंसूरी ने मौके पर एसडीओ को बुलाया, मुआवजे के लिए फार्म भरवाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर की पालोमल कालोनी के कबाड़ी मार्केट में देर रात लगभग 3 बजे शॉर्ट सर्किट होने से पीवीसी तारों में भीषण आग लग गई, जिससे दो वाहनों व एक गोदाम में आग लगने से व्यापारियों का लाखों रुपये का नुकसान हो गया। बिजली के तारों में लगी आग से मार्केट में असलम के गोदाम में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। वहीं रफीक अहमद की 407 गाड़ी बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई तथा तसलीम की पिकअप गाड़ी भी आग में जल गई। आग की घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही सुबह लगभग 7 बजे साहनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने विद्युत विभाग के एसडीओ शम्भूनाथ को मौके पर बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया तथा अग्निपीड़ित व्यापारियों को मुआवजा दिलाने के लिए फॉर्म-44 भरवाने की प्रक्रिया शुरू कराई। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि विद्युत तारों के नीचे किसी प्रकार का सामान न रखें तथा ट्रांसफार्मरों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विद्युत लोड सामान्य क्षमता से लगभग तीन गुना अधिक चल रहा है, जिसके कारण इस प्रकार की घटनाओं की आशंका बढ जाती है। इसलिए सभी लोग सावधानी बरतें और सुरक्षा नियमों का पालन करें। जिससे वह हादसों का शिकार होने से बच सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं विद्युत विभाग से अग्निपीड़ित व्यापारियों को शीघ्र मुआवजा दिलाने तथा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।रू




## सीओ ने जलालाबाद में जन चौपाल लगाई, जनसमस्याओं की की सुनवाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कस्बा जलालाबाद बाद में बीती शाम जन चौपाल लगाकर कस्बावासियों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया। सीओ ने बताया कि शासन के निर्देश पर वह अपने सर्किल के प्रत्येक गांव में जन चौपाल लगाकर जनता की शिकायतों की तत्काल सुनवाई करते हुए उनका निस्तारण करने का काम कर रहे हैं। सीओ ने बताया कि जन चौपाल में जिसकी भी कोई समस्या सामने आएगी पुलिस विभाग की पूरी टीम मौके पर पहुंचकर उसका निस्तारण करेगी। प्रत्येक गांव में पुलिस विभाग जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं की लगातार सुनवाई कर उनका समाधान करने का काम करेगा। इस मौके पर जलालाबाद के पूर्व चेयरमैन मौ. याकूब राईन व पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही।

# चिकित्सक से पैसे लेते नोडल अधिकारी का वीडियो वायरल

## सीएमओ ने दिए जांच के आदेश

## डा. प्रमोद देशवाल का सीएचसी समीपुर से स्थानान्तरण



नजीबाबाद (बि.टा.)। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अफसर का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अप्रशिक्षित चिकित्सक से पैसा लेते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में कार में सवार नोडल क्वैक्स डॉ. प्रमोद देशवाल नजर आए। कार में ड्राइवर की सीट पर कोई बाहरी लड़का बैठा हुआ है जबकि पीछे की सीट पर एक अन्य युवक नजर आ रहा है। कार में बैठे डॉ. प्रमोद देशवाल बाहर खड़े व्यक्ति से पांच हजार रुपये लेते हैं और यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि तुम्हें यहां बार-बार आना पड़ता है, तभी तुम मिल पाते हो। जिलाधिकारी ने वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए सीएमओ को जांच के आदेश दिए हैं। सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। वीडियो की सत्यता की जांच कराई जा रही है। जांच कमेटी घटित की जा चुकी है अगर जांच में नोडल अफसर दोषी पाए गए तो कार्रवाई होगी। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि बिजनौर टाइम्स वीडियो की पुष्टि नहीं करता। अप्रशिक्षित चिकित्सक से पैसे लेने का वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर ने तत्काल प्रभाव से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर (नजीबाबाद) के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रमोद कुमार का तबादला कर दिया है। सीएमओ डॉ. कौशलेन्द्र सिंह द्वारा डॉ. प्रमोद कुमार को समीपुर से हटाकर रिक्त चिकित्सा अधिकारी के पद पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में तैनात किया गया है। आदेश में डॉ. प्रमोद कुमार को निर्देशित किया गया है कि वह तत्काल कार्यमुक्त होकर अपने नवीन तैनाती स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अफजलगढ़ पर योगदान करना सुनिश्चित करें।

## ईदुल अजहा पर पालिका, प्रशासन व जनता के संयुक्त प्रयास सराहनीय: रफीक अंसारी



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रफीक अंसारी ठेकेदार ने कहा कि नगर में ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर इस बार नगर पालिका एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। पूरे नगर में स्वच्छता व्यवस्था बेहद सराहनीय रही, जिसके चलते नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। रफीक अंसारी ठेकेदार ने नगर पालिका एवं प्रशासन की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं। नगर पालिका की टीमों ने विभिन्न मौहल्लों एवं प्रमुख स्थानों पर लगातार सफाई कार्य किया तथा समय-समय पर कूड़ा उठाकर स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखा। प्रशासन द्वारा भी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की गई, जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न हुआ। हाजी रफीक अंसारी ठेकेदार ने कहा कि प्रशासन की तत्परता एवं कर्मचारियों की मेहनत सराहनीय है। नगरवासियों ने भी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए प्रशासन का पूरा सहयोग किया तथा स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर की जनता, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं के सहयोग से ईद का त्योहार भाईचारे, सौहार्द एवं स्वच्छ वातावरण में मनाया गया। रफीक अंसारी ठेकेदार ने नगरवासियों को इसके लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता के सहयोग से ही इस प्रकार की व्यवस्थाएं सफल हो पाती हैं।

# बिजली की समस्या के हल की मांग को किसानों का बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन

## एक्सईएन के आश्वासन पर हुआ समाप्त



नजीबाबाद (चिंगारी)। विशाल भारतीय किसान यूनियन शाखा बिजनौर ने बिजली की समस्या को लेकर भागूवाला बिजलीघर पर शांति पूर्ण तरीके से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। विशाल भाकियू के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने भागूवाला फीडर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों मे बिजली की कटौती, कम वोल्टेज की समस्या, बिजलीघर पर विद्युत आपूर्ति की कोई सूचना नही देने, भागूवाला बिजलीघर को बरसात से पहले पुनर्निर्माण करने, बरसात के मौसम मे बिजलीघर में पानी भरने की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। ताकि बरसात के मौसम में बिजली आपूर्ति बाधित न हो, बिजली विभाग के कर्मचारी लाइनमैन का हर 4 माह में कार्यक्षेत्र बदलने, अवैध वसूली पर रोक लगाने व बिजलीघर से बिजली आपूर्ति की सही जानकारी देने को फोन अटेंड करने, बिजलीघर के कर्मचारियो द्वारा किसानो की समस्या को गंभीरता से लेने, समस्याओं का समाधान कराने का मुद्दा से उठाया गया। बिजली समस्या को लेकर किसानों के धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता रामकुमार परमार, जेई भागूवाला नितिन कुमार ने धरना स्थल पर पहुंचकर विशाल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों से वार्ता कर किसानों की समस्याओं को स्वीकार करते हुए सभी मांगें जायज व जनहित में हैं बताते हुए जल्दी ही समाधान कराने का आश्वासन दिया। अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया किसी भी कर्मचारी द्वारा कोई अवैध वसूली नहीं होगी जो दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी, विद्युत आपूर्ति की सूचना के लिए किसानो व ग्रामीणों से संपर्क स्थापित रखेगे। विद्युत आपूर्ति नियमानुसार की जाएगी। कम वोल्टेज की समस्या का समाधान भी किया जाएगा। बरसात के मौसम मे बिजली आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए सुचारू रूप से कार्य किया जाएगा। विशाल भाकियू के पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विशाल भाकियू के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एम अहमद, एजाज अहमद, इब्राहिम उस्मानी प्रधान, शाहिद प्रधान, गौरव गहलौत, वसीम अहमद, रोहिताश सैनी, देशराज रवि, रवि प्रकाश, शरीफ अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ..वरना तालाबंदी कर देंगे किसान

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार गंगवार से मिलने गए किसानों के प्रतिनिधि मंडल को जब अधिशासी अभियंता ने किसान नेताओं के विरुद्ध दर्ज रिपोर्ट को वापस लेने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो उन्होंने बिजली दफ्तर में प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि 5 जून के बाद अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर तालाबंदी की जाएगी। जिला अध्यक्ष वीर सिंह सहरावत ने बताया कि 25 मई को सरकड़ा चकराजमल बिजली घर पर बिजली की समस्या को लेकर किसानों ने धरना प्रदर्शन किया तो विद्युत विभाग के अधिकारियों ने संगठन के जिला प्रचार मंत्री घनश्याम पांडे और धामपुर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के खिलाफ नाम जद रिपोर्ट दर्ज करा दी।

इस संबंध में कल किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार गंगवार से मिलने उनके दफ्तर में आया था, परंतु उन्होंने मुकदमे वापस लेने के संबंध में किसानों से कोई वार्ता नहीं की। इसके बाद किसान पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे और डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे को देकर मुकदमे निरस्त किए जाने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में घनश्याम पांडे, विजयपाल सिंह, सतीश कुमार, कुंवर पाल सिंह, जितेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, सुनील कुमार, राम बहादुर चौहान, प्रवीण सिंह, सोनू, आशुतोष कुमार आदि किसान शामिल रहे।



विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए किसान।

# मानकों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई करें- डीएम

## जिला गंगा समिति, पर्यावरण समिति एवं वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गंगा एवं अन्य नदियों की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा आगामी वृक्षारोपण अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने जनपद में गंगा एवं अन्य नदियों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदियों में गंदे पानी और अपशिष्ट के प्रवाह को रोकने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाएं।

पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने वायु प्रदूषण के मानकों का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, जुर्माना बढ़ाने तथा चालानों में वृद्धि करने के निर्देश दिए। बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अस्पतालों में शत-प्रतिशत बारकोड व्यवस्था लागू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारकोड के आधार पर ही अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट का सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आगामी वृक्षारोपण अभियान के लिए चिन्हित स्थलों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# करन सिंह के निधन पर शोक जताया

**धामपुर ( चिंगारी )।** संत निरंकारी सत्संग भवन जैतरा में आयोजित शोक सभा में शेरकोट के मोहल्ला नौधना निवासी करन सिंह की असामायिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। करन सिंह संत निरंकारी सत्संग से जुड़े हुए कार्यकर्ता थे। गत दिवस अचानक उनका स्वास्थ्य खराब होने पर परिजनों ने उन्हें चिकित्सक के यहां भर्ती कराया था, जहां उनकी सांस थम गई। 50 वर्षीय करन सिंह की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने वालों में भीम सिंह एडवोकेट, सेवानिवृत्त शिक्षक मदनपाल सिंह राणा,सोमवीर सिंह, रामानंद सागर आदि ने 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

# पत्रकार हेम भट्ट के साथ दुर्व्यवहार होने पर संत समाज ने गहरा रोष व्यक्त किया

## गृहमंत्री को भेजा पत्र

**ऋषिकेश /रायवाला ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पत्रकार हेम भट्ट के साथ हुए कथित पुलिस दुर्व्यवहार की घटना को लेकर संत समाज में गहरा रोष व्याप्त है। संत समाज के प्रतिनिधियों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर आघात बताया है। इस संबंध में संत समाज की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच एवं दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि पत्रकार, समाज का महत्वपूर्ण अंग हैं और लोकतंत्र में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि किसी पत्रकार के साथ अभद्रता अथवा दुर्व्यवहार होता है तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंताजनक विषय है। संत समाज ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि पत्रकार हेम भट्ट लंबे समय से समाज एवं जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। रसिक महाराज ने केंद्रीय गृहमंत्री से आग्रह किया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे लोकतांत्रिक संस्थाओं एवं पत्रकारिता के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। पत्र में स्वामी विवेकानंद गिरि, स्वामी विशोकानंद गिरि, जैन श्वेताम्बर समाज से अभयानंद मुनि, स्वामी चक्रपाणि महाराज, महन्त विवेक प्रपन्नाचार्य, स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के हस्ताक्षर प्रमुख रूप से शामिल हैं।



# दो साल के बच्चे का टिकट मांगने पर विवाद, झील मालिक गिरफ्तार

**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय बिजलीघर के पास स्थित नैनी झील में वोट में बैठने के लिए दो साल के बच्चे का टिकट मांगने को लेकर झील मालिक और बच्चे के परिजनों में विवाद हो गया। कल दोपहर गांव चौड़ियापुर निवासी बहाब अदनान, अर्शलान अपने दो साल के भतीजे अब्दुल्ला को लेकर इस झील पर बोट में बैठने के लिए आए थे। आरोप है कि वहां मौजूद कर्मचारियों ने दो साल के बच्चे के टिकट के पैसे मांगे। जिस बात पर दोनों पक्षों में टिकट को लेकर बहस शुरू हो गई। आरोप है कि झील मालिक बदर ने अपने कर्मचारियों बाउंसरों के साथ मिलकर उनके साथ जमकर मारपीट की। जिससे वह घायल हो गए। पीड़ित पक्ष वहाब की ओर से मारपीट करने वाले झील मालिक और उसके बाउंसरों के खिलाफ तहरीर थाने में दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और झील मालिक बदर और शहरयान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# गंगा तट आते ही मन शांत हो जाता है : नितिन नबीन

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का परमार्थ निकेतन में आगमन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विश्व विख्यात परमार्थ निकेतन में कल भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का आगमन हुआ, जहां उन्होंने पूज्य संतों के पावन सान्निध्य एवं भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की दिव्य गरिमा के दर्शन किये। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा अध्यक्ष, महेंद्र भट्ट,कैबिनेट मंत्री, मदन कौशिक, उच्च शिक्षा मंत्री, धनसिंह रावत जी, कैबिनेट मंत्री, विनय रोहेला, विधायक, यमकेश्वर, रेणु बिष्ट भी उपस्थित रहे। संत समागम में स्वामी अवधेशानन्द गिरि, स्वामी रामदेव स्वामी चिदानन्द स्वामी कैलाशानन्द महंत रवीन्द्र पुरी महाराज, साध्वी भगवती सरस्वती, आचार्य बालकृष्ण, स्वामी दयाराम दास, संत मुरलीधर के सान्निध्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा नितिन नवीन ने कहा कि हम लोग गंगा के तट वाले लोग हैं। गंगा के तट पर आते है। अपने आप मन शांत हो जाता है, शुद्धता आ जाती है, और आप सबका साथ मिले तो निश्चित रूप से हम सबके लिए सौभाग्य का विषय है। संतों ने ही भारत को कई बार विपरीत परिस्थितियों में भी दिशा दी है।

जब तक गंगा की धारा प्रवाहित होती रहेगी, तब तक भारत में भारतीय संस्कृति, परम्पराएं व संतों का आशीर्वाद प्राप्त होता रहेगा। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि भारत की आत्मा उसकी आध्यात्मिकता में बसती है। जब संत, शासन, समाज और युवा शक्ति एक साथ राष्ट्रहित और मानवता के कल्याण के लिए आगे बढ़ते हैं, तब एक सशक्त, समृद्ध और संस्कारित भारत का निर्माण होता है। वर्तमान सरकार इस संकल्प को उत्कृष्टता के साथ साकार कर रही है।

# RVIT में लगा स्वास्थ्य मेला

## छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की, स्वस्थ रहने के टिप्स दिए

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर.वी. इन्स्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी कॉलेज परिसर में एक दिवसीय स्वस्थ मेला (स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच) शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. लाल पैथ लैब व अवध आई हॉस्पिटल, का सहयोग रहा। शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।



शिविर में डॉ. लाल पैथ लैब की टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजिकल जांचों पर विशेष छूट प्रदान करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। वहीं अवध आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया तथा आंखों की देखभाल एवं बचाव संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। जांच शिविर में कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगणों, कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। जांच के दौरान प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिए गए। कॉलेज प्रशासन से मैनेजिंग डायरेक्टर सन्नी देशवाल, फार्मेसी कॉलेज के निदेशक प्रो.(डॉ.) हितेश कुमार, इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. (डा.) नितिन अग्रवाल ने डॉ. लाल पैथ लैब एवं अवध आई हॉस्पिटल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

# 'जन सेवा दिवस' के रूप में मनाया हिन्दी पत्रकारिता दिवस




## पत्रकार कल करेंगे रक्तदान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** हिन्दी 'पत्रकारिता दिवस' के अवसर पर प्रेस क्लब के सदस्यों ने पत्रकारिता दिवस को 'जन सेवा दिवस' के रूप में मनाया। भीषण गर्मी और कड़कड़ाती धूप में सफर कर रहे रेल यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए प्रेस क्लब के बैनर तले रेलवे स्टेशन पर शीतल जल वितरण अभियान चलाया गया। कल रविवार को धर्म नंदा चैरिटेबल ट्रस्ट में पत्रकारों के द्वारा रक्तदान भी किया जाएगा। आज सुबह से ही प्रेस क्लब की टीम ने रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली जनसेवा एक्सप्रेस, ऋषिकेश पैसेंजर सहित विभिन्न ट्रेनों के प्यासे मुसाफिरों को लगभग 3,000 ठंडे पानी की बोतलें वितरित की गईं। चिलचिलाती गर्मी में ठंडा पानी पाकर यात्रियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पत्रकारों के इस सेवा भाव की जमकर सराहना की। प्रेस क्लब के संरक्षक डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता सिर्फ खबरों को लिखने या दिखाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मूल उद्देश्य समाज और मानवता की सेवा करना है। आज भीषण गर्मी से हर कोई परेशान है, ऐसे में ट्रेनों में सफर कर रहे मुसाफिरों तक शीतल जल पहुंचाकर हमारे साथियों ने पत्रकारिता के वास्तविक धर्म को निभाया है। प्रेस क्लब अध्यक्ष शारिक शमीम ने कहा कि अक्सर पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठियां और सम्मान समारोह होते हैं, लेकिन प्रेस क्लब स्योहारा ने इस बार कुछ अलग करने का संकल्प लिया था। हमने इसे 'जन सेवा दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। अभियान में प्रेस क्लब के संरक्षक डॉ. मनोज कुमार वर्मा व कांता प्रसाद पुष्पक, प्रेस क्लब अध्यक्ष शारिक शमीम, महामंत्री नजम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद आलम, इमरान मंसूरी, नसीम अहमद, प्रशांत रस्तौगी, राजेंद्र पुष्पक आदि का सहयोग रहा।

# चौ. चरण सिंह सिर्फ नेता नहीं, किसानों, मजदूरों एवं गरीबों की उम्मीद थे : अशोक चौधरी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम बागड़पुर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रालोद के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी रहे। सत्यपाल सिंह मुनीम की अध्यक्षता एवं डा. विपिन तोमर के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक नेता नहीं, बल्कि किसानों, मजदूरों और गरीबों की उम्मीद थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा ही किसानों, मजदूरों और सर्वसमाज की लड़ाई लड़ता आ रहा है और आगे भी इसी तरह से लड़ता रहेगा। इस अवसर पर बागड़पुरवासियों द्वारा अशोक चौधरी को राष्ट्रीय लोकदल के चुनाव चिन्ह 'हैंडपंप' भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अकरम उस्मानी, रालोद के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, क्षेत्रीय महासचिव योगेन्द्र प्रधान, जितेन्द्र सिंह प्रधान, वीर सिंह नेताजी, श्याम सिंह अहलावत, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# छबील लगाई, शर्बत पिलाकर लोगों की प्यास बुझाई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर प्रबंधक कमेटी ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया, जिसके लिए स्कूल प्रबंधन की सभी ने प्रशंसा की। शुक्रवार को विद्यालय परिवार ने विद्यालय के बाहर धनौरा रोड पर छबील लगाकर उधर से गुजरने वाले राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। इस अवसर पर श्रीमती सुषमा गुप्ता, उपप्रबंधक आर्यन गुप्ता, विद्यालय प्रधानाचार्य विनीत तोमर, स्कूल कोऑर्डिनेटर नवनीत चौधरी, जूनियर विंग रूपा त्यागी, अकाउंटेंट गौरव शर्मा, विवेक शर्मा, नवनीत कुमार शर्मा, निकेंद्र तोमर, विशाल कुमार, शशांक भारद्वाज आदि का सहयोग रहा।

# गंज बाज़ार में अतिक्रमण से राहगीर परेशान



**गंज ( चिंगारी )।** बिजनौर-चांदपुर मुख्य मार्ग पर गंज में हल्दौर के चौराहे से सड़क के दोनों ओर तथा गंज बस स्टैंड से मुख्य बाजार में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। अतिक्रमण की समस्या को लेकर लगभग दो माह पूर्व क्षेत्रीय पत्रकारों व गणमान्य लोगों ने एक प्रार्थना-पत्र पुलिस चौकी इंचार्ज गंज को दिया था, जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे हठी अतिक्रमणकारी अपनी दबंगई पर उतर आए हैं और अतिक्रमण के चलते रोज कोई न कोई विवाद होता रहता है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सीधा-सीधा अतिक्रमणकारियों से पुलिस की मिलीभगत होने का आरोप लगाना शुरू कर दिया है। वहीं बस स्टैंड के समीप बिजनौर-चांदपुर मार्ग पर रोड के दोनों और बजरी बजरकुट विक्रेता सहित सभी दुकानदारों ने दुकान का सामान सड़क किनारे लगाकर रास्ते को संकरा कर दिया है। पश्चिमी उद्योग व्यापार मंडल इकाई गंज के अध्यक्ष महेश अग्रवाल का कहना है कि सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ई रिक्शा व टेंपो तथा सब्जी व फलों के ठेले, दुकानों के बाहर फैला सामान के कारण आम लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए शीघ्र ही एक ज्ञापन एसडीएम को दिया जाएगा। साथ ही व्यापारी सुरक्षा फोरम इकाई गंज के पूर्व नगर अध्यक्ष राजीव महेश्वरी का कहना है कि यदि प्रतिष्ठान के सामने किसी भी प्रकार का अतिक्रमण होगा तो व्यापार प्रभावित होगा।

# गंज क्षेत्र में टूटी पाइप लाइन बनी परेशानी का सबब, ठीक होगी कब?

**गंज ( चिंगारी )।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'हर नल में जल' गंज क्षेत्र के निवासियों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। क्षेत्र में जल निगम द्वारा बिछाई गई भूमिगत पाइप लाइनें कई स्थानों पर टूट चुकी हैं, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टूटी पाइप लाइनों से जहां एक ओर पेयजल लगातार व्यर्थ बह रहा है, वहीं दूसरी ओर नालियों के बीच से गुजर रही क्षतिग्रस्त पाइपों में गंदा पानी मिलकर लोगों के घरों में पहुंच रहा है। इससे क्षेत्र में बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि समस्या की शिकायत कई बार जल निगम के कर्मचारियों से की गई, लेकिन हर बार अलग-अलग कारण बताकर मामले को टाल दिया जाता है। इस संबंध में जल निगम के जेई एम अली ने बताया कि उन्हें समस्या की जानकारी नहीं थी, लेकिन शीघ्र ही मौके का निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# महिला संकुल समिति का वार्षिकोत्सव मनाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास खंड हल्दौर के सभागार में अलग-अलग संकुल समितियों ने आमसभा का आयोजन किया।

खंड विकास अधिकारी चंद्रप्रकाश पांडेय ने समूह केडर्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि समूह महिलायें छोटे-छोटे रोजगार कर अपनी आमदनी बढ़ा सकती हैं। उन्होंने कहा कि समूहों से जुड़कर ही महिलाएं आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन सकती हैं। सहायक विकास अधिकारी( आर डी) अजय पाल ने कहा कि संकुल समिति अपने गतवर्ष में किये गये कार्यों का अवलोकन करे ओर नये वर्ष में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समय से करें। लेखाकार सुमन ओर प्रीती ने समिति के वार्षिक लेखाजोखा प्रस्तुत किया। आमसभा मे खंड विकास अधिकारी चंद्रप्रकाश पांडेय ओर एडीओ (आरडी) अजय पाल ने बैंक सखी रीना व किरण देवी और समूह सखी चिंकी, रिम्पी, भावना, ममता, स्वेता, माला, समरीन, पूनम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संस्कार समिति से जॉली शर्मा, प्रियंका,पूजा ओर विशाल समिति से बबिता, फुलकुमारी, मंजू ने आमसभा की व्यवस्था मे सहयोग किया। इस अवसर पर बीएमएम विकास यादव, राजपाल, ऋतू, पंकज, डॉली, प्रीती, पूजा उपस्थित रही।



# चौ. चरण सिंह के आदर्शों को अपनाने का संकल्प



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि बड़ी ही श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। हीमपुर दीपा बस स्टैंड के समीप स्थित चौ. रघुनाथ सिंह के प्रतिष्ठान पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह को दलितों, मजदूर और किसानों का सच्चा मसीहा बताते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन देश के किसानों, गरीबों और सभी वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा, इसीलिए उनकी नीतियां आज भी सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हैं। वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के आदर्शों को अपनाने, समाजसेवा तथा किसान हित में कार्य करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इससे पूर्व हवन-यज्ञ आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए, जिसके कटार सिंह शास्त्री ब्रह्मा व पत्नी सहित तरुण चिकारा यजमान बने। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में चिकारा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक जोगेंद्र सिंह चिकारा, पूर्व चेयरमैन महाशय परसराम सिंह, रालोद नेता कुलदीप सिंह चिकारा, भूमि विकास बैंक के हल्दौर के चेयरमैन राकेश कुमार, पूर्व प्रधान रोहतास सिंह, दयानंद जनता इंटर कॉलेज के प्रबंधक चंद्रपाल सिंह व अध्यक्ष जयपाल सिंह, पूर्व प्रधान आनंद सिंह, शैलेंद्र कुमार, पुनीत राठी, सुरजीत सिंह आदि वक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजयवीर सिंह राठी ने की एवं संचालन मुंशी महेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

# चौ. चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर 39 लोगों ने किया रक्तदान



शिविर का उद्घाटन करते हुये अतिथिगण।

**किरतपुर ( चिंगारी )।** चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रिजिनाम चैरिटेबल ट्रस्ट, युवा लोकदल एवं एसकेएस लेबोरेट्रीज एंड ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में मदनी पब्लिक इंटर कॉलेज, किरतपुर में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ युवा लोकदल के चौधरी शोएब, मदनी पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक शमशाद मदनी तथा एसकेएस लेबोरेट्रीज एंड ब्लड बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर सतीश गहलौत द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बढ़कर कोई दान नहीं है। रक्तदान से अनेक जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और चौधरी चरण सिंह जी की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 39 युवाओं ने रक्तदान कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदाताओं में सेवा और मानवता के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा लोकदल के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## चौ. चरण सिंह को श्रद्धांजलि दी



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह को किसानों का मसीहा बताया। शुक्रवार को डॉ. धर्मपाल सिंह के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में किसान नेता मा. विजयपाल सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जीवन परिचय के बारे में विस्तार से चर्चा की। चौधरी चरण सिंह के बिजनौर से विशेष लगाव के बारे में भी बताया। इस अवसर पर महेंद्र प्रधान, सुरेश पाल दरोगा, डॉ. धर्मपाल सिंह, सुनील कुमार, स्वामी ओमपाल सिंह आदि भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक पीकर तीबयत बिगड़ी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** परसों रात लगभग 8 बजे विकास पुत्र योगेश निवासी गांव लच्छीरामपुर ने स्मार्ट पॉइंट से कोल्डड्रिंक की बोतल ली और वहीं पर पीने लगा। आरोप है कि पीते हुए उसका स्वाद अजीब सा लगा। कुछ देर बाद उसकी तबीयत खराब होने पर बोतल की जांच की तो उस पर एक्सपायरी डेट 4 दिसम्बर 2025 पायी गयी। तबीयत खराब होने पर स्मार्ट पॉइंट वालों में हड़कम्प मच गया। उन्होंने 20 हज़ार रुपए इलाज कराने को देकर उस समय अपना पीछा छुड़ाया। बताया जाता है कि कल स्मार्ट पॉइंट वाले गांव लच्छीरामपुर पहुंचे और विकास की तबीयत ठीक होने पर अपने दिए हुए बीस हजार रुपए वापस मांगे। रुपए वापस नहीं देने पर दोनों में विवाद हुआ। उसके बाद विकास ने किरतपुर पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। स्मार्ट पॉइंट के सेल्स मैनेजर चिराग ने बताया कि उनके यहां में कोई एक्सपायरी डेट की बोतल नहीं मिली। जब उनसे पूछा कि 20 हजार रुपए क्यों दिए थे, तो उन्होंने कहा स्टाफ से जबरदस्ती ले लिए।



**20 हजार रूपये देकर पीछा छुड़ाया**

## कूड़े के ढेर में लगी आग, ट्रांसफार्मर तक पहुंची

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा में मेन रोड के किनारे साप्ताहिक बाजार स्थल के समीप 100 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। डबल पोल के आसपास कूड़ा भी पड़ा हुआ है। विगत रात्रि लगभग 8.30 बजे उस कूड़े में आग लग गई। संभवत: किसी ने वहां गर्म राख डाल दी थी। आग की ऊंची लपटों से ट्रांसफार्मर में भी आग लग गई। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर उपनिरीक्षक अफजाल खां के नेतृत्व में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पूर्व ग्राम प्रधान सुनील कुमार धीमान ने राजपुर नवादा विद्युत उपकेन्द्र को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई। ग्रामीणों ने समय रहते रेत डालकर आग को बुझा दिया। तब तक आग ट्रांसफार्मर के अंदर नहीं पहुंची थी। आग से ट्रांसफार्मर की बॉडी का पेंट वगैरह ही जला था। ट्रांसफार्मर से जुड़ी चारों लीड का काफी हिस्सा भी जल गया था। लाइनमैन ने मौके पर पहुंचकर जली हुई लीड को काटकर उन्हें फिर से जोड़ा। उसी ट्रांसफार्मर से विद्युतापूर्ति पुन: सुचारू हो गई। यदि ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए समय रहते आग पर काबू न पाया होता, तो बड़ी दुर्घटना घट सकती थी, विद्युत ट्रांसफार्मर फट सकता था।



## घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति पर घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना पत्र में एक व्यक्ति ने बताया कि शुक्रवार की प्रात: वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी अफ़ज़लगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम दल्लीवाला निवासी पंकज पुत्र कैलाश सिंह उसके घर में घुस गया और उसकी पत्नी का हाथ पकड़ कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि महिला द्वारा शोर मचाने पर जब महिला का पति घर में गया तो आरोपी पंकज गाली गलौच करते हुए भाग गया। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पंकज पुत्र कैलाश सिंह निवासी ग्राम दल्लीवाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## डीसीओ ने किया गन्ना सर्वे जांच कार्य का निरीक्षण



**धामपुर ( चिंगारी )।** चेयरमैन सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड धामपुर मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह की उपस्थिति में ज़िला गन्ना अधिकारी श्री पी एन सिंह द्वारा धामपुर चीनी मिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वाजिदपुर में गन्ना सर्वे जांच कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान AVP Cane श्री संजीव सिंह, श्री अमित पांडे एस सी डी आई गन्ना परिषद धामपुर, श्री विनोद कुमार सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर, चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक, गन्ना पर्यवेक्षक श्री राजेंद्र सिंह, श्री जयप्रकाश उपस्थित रहे। जांच के समय GPS के माध्यम से मापे गए 05 प्लॉटों की फीते द्वारा माप कर सत्यापन किया गया, जिसमें अंतर अनुमन्य सीमा के अंतर्गत पाया गया। गन्ना किसानों के हितों की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु गन्ना विकास विभाग एवं समिति द्वारा लगातार निरीक्षण एवं सत्यापन कार्य किया जा रहा है।

## विद्या मंदिर में चल रहे 7 दिवसीय समर कैम्प का समापन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज चांदपुर में चल रहे। 7 दिवसीय समर कैंप के समापन पर छात्र-छात्राओं को मेडल व सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कैम्प में छात्रो ने हिंदी, इंग्लिश डिबेट, आर्ट और क्राफ्ट, मूर्तिकला, योग अभ्यास, कंप्यूटर प्रशिक्षण, कुकिंग, डांस, मेहंदी, संगीत, वैदिक गणित, स्पोर्ट्स आदि एक्टिविटी में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले अन्य छात्रों को भी मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज ने कहा कि विद्या मंदिर छात्रों के चरित्र निर्माण करते हैं। उन्होंने अभिभावकों से पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहने के लिए अपने बच्चों को विधा मंदिर में शिक्षा ग्रहण कराये जाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने कहा कि समर कैंप छात्रों को समय का सदुपयोग, प्रबंधन, स्वच्छता, सहनशीलता व आत्मनिर्भर बनाता है। छात्र जिस भाव से सीख रहे है, शिक्षक उसी भाव से सिखाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र देश का भविष्य होते हैं, इसलिए उनके सर्वांगीण विकास में हम सभी का दायित्व बनता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नवनीत कुमार, श्रीमती उर्वशी कर्णवाल, श्रीमती ममता वैश्य, श्रीमान हरिराज सिंह, महेश चंद त्यागी, श्रीमती रचना त्यागी, पुष्कर जी, श्रीमती तनु भाटिया, श्रीमती निधि अग्रवाल, आशु गोयल, शुभम सैनी, रत्नेश मिश्रा उपप्रबन्धक शुगर मिल चांदपुर, विकल्प तोमर, कु. तनुजा, श्रीमती मूर्ति तोमर, वैशाली, कु. दिव्या आदि मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पारूल त्यागी ने किया।

**प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया**



# आईएचएमएस की फ्रेशर पार्टी 'यशस्वी' में रही रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

## सौरभ बने मिस्टर फ्रेशर व मुस्कान मिस फ्रेशर



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज की ओर से आयोजित, फ्रेशर पार्टी 'यशस्वी' में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समा बांधा। इस अवसर पर कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने पर सौरभ को मिस्टर फ्रेशर और मुस्कान को मिस फ्रेशर-2026 का खिताब दिया गया।

कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, निदेशक प्रबंधन ले. कर्नल बीएस गुसाईं (सेनि) और प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीसीए, बीबीए, बीएचएम, एमसीए और एमबीए कोर्स के छात्र छात्राओं ने नृत्य, गीत, कविता और कहानियों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोहा। कार्यक्रम को मुख्य आकर्षण रैंप पर कैट वाक प्रतियोगिता रही। जिसमें छात्र-छात्राओं ने रैंप पर कैटवाक कर अपने जलवे बिखेरे। निणार्यक डॉ. प्रवीन त्रिपाठी, ममता, वीरेंद्र आर्य और हर्षपाल सिंह रावत द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर सौरभ रावत को मिस्टर फ्रेशर, मुस्कान रावत को मिस फ्रेशर, गौरव रावत को मिस्टर परफॉर्मर और दिव्यानी नेगी को मिस चार्मी का अवार्ड दिया गया। इसके अलावा कॉलेज में आयोजित आईएचएमएस कैंपस चैंपियन सोशल मीडिया हंट 2026 प्रतियोगिता के परीणामों की घोषणा की गई, जिसमें मो. अर्ष सलमानी ने प्रथम, विकास सिंह ने द्वितीय, कामिनी बिंजोला ने तृतीय, जिया रावत ने चौथा, मानसी चौधरी ने पांचवां और परिधि बिष्ट ने छठा स्थान प्राप्त किया। जबकि वैदेही डोगरा को बेस्ट वीडियो क्रियेटिविटी, हिमांशु असवाल को बेस्ट व्यूवर्स च्वाइस, खुशी असवाल को बेस्ट कॉन्टेंट अवार्ड, जबकि दिया भारद्वाज को प्रतिभागी के तौर पर सम्मानित किया गया। कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने विजेताओं को शैसे, क्राउन और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज के जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष सुरेंद्र जगवान, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, कार्यक्रम संयोजक सपना रौथाण नेगी सहित कॉलेज सभी प्राध्यापक और कर्मचोरी मौजूद रहे। समारोह का संचालन वैदेही डोगरा और परिधि बिष्ट ने किया।

# खुले में कूड़ा फेंकने वालों के फोटो दिखायें, नगर निगम से 200 रुपये इनाम पायें

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम कोटद्वार शहर में सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों का पता लगाने के लिए सूचना तंत्र विकसित कर रहा है। खुले में कूड़ा फेंकने वालों की फोटो अथवा वीडियो नगर निगम को उपलब्ध कराने वालों को इनाम दिया जाएगा। वहीं, कूड़ा फेंकने वालों पर पांच हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

नगर आयुक्त पीएल शाह ने बताया कि कई बार सफाई अभियान चलाने के बाद भी कुछ लोगों द्वारा चोरी-छिपे सड़क किनारे, नालों और खाली स्थानों पर कूड़ा फेंकने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिससे गंदगी के साथ ही बीमारियों का खतरा भी बढ़ने की आशंका थी। इसलिए लोगों से नगर निगम के व्हाट्सएप नंबर 8126796061 पर सार्वजनिक जगह पर कूड़ा फेंकने वालों की फोटो अथवा वीडियो उपलब्ध कराने की अपील की गई है। फोटो अथवा वीडियो उपलब्ध करवाने वाले को 200 रुपये का इनाम दिया जायेगा और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जायेगी। बताया कि कूड़ा फेंकने वाले व्यक्ति के खिलाफ नगर निगम अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पांच हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

# बरसात के मद्देनजर शुरू की कार्रवाई भूमिगत नहर की हो रही है सफाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के झंडाचौक क्षेत्र में जल भराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने बंद पड़ी भूमिगत नहर को खोलने का कार्य शुरू कर दिया है। नहर के चोक होने के कारण बरसात और अन्य दिनों में गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता था, जिससे लोगों और व्यापारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। वर्तमान में नगर निगम की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग के एक हिस्से की खुदाई कर भूमिगत नहर की सफाई की जा रही है। झंडाचौक क्षेत्र में पानी की निकासी के लिए नहर कई दशक पहले बनाई गई थी, लेकिन लंबे समय से इसकी सफाई न होने के कारण यह पूरी तरह बंद हो गई थी। इसके चलते नालियों का पानी सड़क पर फैलने लगा था और बरसात के दिनों में आसपास की दुकानों तक पहुंच जाता था। स्थानीय लोग लंबे समय से नगर निगम से समस्या के समाधान की मांग कर रहे थे। अब निगम द्वारा कार्रवाई शुरू किए जाने से क्षेत्रवासियों ने राहत की उम्मीद जताई है। कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए नगर निगम कर्मचारियों के साथ पुलिसकर्मी भी मौके पर तैनात किए गए हैं। महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात के दौरान शहर की सड़कों पर पानी जमा न होने पाए।

## बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई, लेकिन ठप हुई विद्युत सप्लाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जयहरीखाल ब्लाक के कुछ गांवों में देर रात को हुई बारिश ने जहां एक ओर भीषण गर्मी से राहत दिलाई, वहीं तेज हवा के कारण गई गांवों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिसे दुरुस्त करने के प्रयास जारी थे। ब्लाक के ढौंटियाल, सुकोली, सुराईखेत, बड़गांव और पठोलगांव सहित दर्जनों गांवों को विद्युत आपूर्ति जयहरीखाल स्थित बिजलीघर से की जाती है। गुरूवार को तेज हवा के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, इस कारण ग्रामीणों को अंधेरे में ही रात गुजारनी पड़ी। कई गांवों में बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई थी। ग्रामीण संजय सिंह, अनुराग नेगी, चंदन सिंह, सतीश नेगी व अनिल नेगी ने बताया कि समस्या के संबंध में बिजलीघर के कर्मचारियो को सूचना दे दी गई थी। कर्मचारियों के अनुसार लाइन में फाल्ट की तलाश की जा रही है व बिजली आपूर्ति शीघ्र सामान्य कर दी जायेगी।

# जिला उद्योग केन्द्र ने आयोजित की श्रम कानूनों सम्बंधी कार्यशाला

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार द्वारा औद्योगिक आस्थान स्थित औद्योगिक इकाइयों एवं उद्यमियों के लिए श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और श्रम कानूनों पर आधारित जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्रम विभाग के अधिकारियों ने श्रमिक पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, श्रमिक कल्याण कार्यक्रमों, कार्यस्थल सुरक्षा मानकों तथा श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही श्रमिकों एवं नियोक्ताओं को उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। अधिकारियों ने कहा कि श्रम कानूनों का अनुपालन न केवल श्रमिकों के हितों की रक्षा करता है, बल्कि उद्योगों में बेहतर कार्य वातावरण और उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायक होता है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान करते हुए योजनाओं के व्यावहारिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को उद्योगों और श्रमिकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए जिला उद्योग केंद्र एवं श्रम विभाग के प्रयासों की सराहना की।

### कार्यशाला में शामिल रहे ये अधिकारी

**कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग, प्रबंधक उपासना सिंह, आर.पी. आर्य, सिडकुल के सचिव विवेक चौहान, सिडकुल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सिताबपुर औद्योगिक आस्थान अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, श्रम विभाग से कुलदीप सिंह एवं रणजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।**

# राहुल गांधी का 4 जून को अल्मोड़ा दौरा, महारैली को लेकर कांग्रेस में उत्साह

**अल्मोड़ा ( चिंगारी )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगामी 4 जून को प्रस्तावित अल्मोड़ा दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कांग्रेस द्वारा आयोजित की जा रही महारैली की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। पार्टी नेताओं का दावा है कि रैली में कुमाऊं भर से हजारों कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे। महारैली को सफल बनाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं। वे लगातार पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति तैयार कर रहे हैं। हरीश रावत ने कहा कि राहुल गांधी का अल्मोड़ा दौरा ऐतिहासिक साबित होगा और यह रैली प्रदेश में परिवर्तन का शंखनाद करेगी। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार का अल्मोड़ा और पूरे कुमाऊं क्षेत्र से विशेष भावनात्मक जुड़ाव रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने उत्तराखंड और विशेष रूप से कुमाऊं क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अल्मोड़ा में विवेकानंद कृषि अनुसंधान संस्थान की स्थापना करवाई थी, जबकि राजीव गांधी ने गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण संस्थान की नींव रखी थी। हरीश रावत ने केंद्र और राज्य सरकार पर युवाओं को रोजगार देने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देशभर में लाखों पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार भर्ती प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ा रही है। साथ ही उन्होंने नीट परीक्षा पेपर लीक जैसे मामलों को युवाओं के विश्वास के साथ खिलवाड़ बताया।

# केदारनाथ रावल ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

## गुप्तकाशी विश्वनाथ मंदिर में पुजारी नियुक्ति को लेकर विवाद

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध धार्मिक केंद्र गुप्तकाशी विश्वनाथ मंदिर में पुजारी नियुक्ति को लेकर नया विवाद गहराता जा रहा है। बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) द्वारा जारी किए गए नियुक्ति आदेश के विरोध में केदारनाथ धाम के रावल भीमा शंकर लिंग खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने इसे सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं के विपरीत बताते हुए आमरण अनशन की चेतावनी दे दी है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप की मांग भी की है।


दरअसल, गुप्तकाशी विश्वनाथ मंदिर में वर्षों से पूजा-अर्चना कर रहे पुजारी शांत लिंग का स्थानांतरण ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ कर दिया गया है। उनकी जगह ईश्वर लिंग की नियुक्ति के आदेश बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) द्वारा जारी किए गए। लेकिन इस फैसले ने मंदिर परंपराओं और अधिकारों को लेकर नया विवाद खड़ा कर दिया है।

केदारनाथ के रावल भीमा शंकर लिंग का कहना है कि केदारनाथ परंपरा के अनुसार पंच पुजारियों की नियुक्ति केवल रावल की संस्तुति के आधार पर ही की जाती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बार बिना उनकी अनुमति और संस्तुति के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए, जो धार्मिक मर्यादाओं और पारंपरिक व्यवस्था का सीधा उल्लंघन है। रावल ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि शांत लिंग की नियुक्ति भी उनकी संस्तुति पर ही हुई थी और मंदिर में सभी धार्मिक अनुष्ठान परंपरागत विधि-विधान के अनुसार संचालित हो रहे थे। ऐसे में अचानक नई नियुक्ति का आदेश जारी करना परंपरा के साथ हस्तक्षेप है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# होर्मुज जलडमरूमध्य से अमेरिका हटाएगा नाकेबंदी- डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन** (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ एक प्रस्तावित समझौते पर सहमति बनने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य पर लगी अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी हटाई जायेगी। श्री ट्रंप ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि प्रस्तावित समझौते के तहत



ईरान को अमेरिका की शर्तें स्वीकार करनी होंगी, जिनमें होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी समुद्री जहाजों की निर्बाध और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने कहा, ईरान को इस बात पर सहमत होना होगा कि वह कभी भी परमाणु हथियार या परमाणु बम हासिल नहीं करेगा। श्री ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी के कारण जलडमरूमध्य में फंसे जहाज अब अपने गंतव्य की ओर लौटने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारी अभूतपूर्व नौसैनिक नाकेबंदी, जिसे अब हटाया जाएगा, के कारण जो जहाज जलडमरूमध्य में फंसे हुए थे, वे अब घर लौटने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि यदि जलडमरूमध्य में कोई समुद्री बारूदी सुरंगें मौजूद हैं तो उन्हें तत्काल हटाया या नष्ट किया जाएगा। श्री ट्रंप के अनुसार, अमेरिकी नौसेना पहले ही कई सुरंगों को अपने विशेष माइन-स्वीपर जहाजों की मदद से नष्ट कर चुकी है और शेष सुरंगों को हटाने या विस्फोट से नष्ट करने का काम ईरान करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भूमिगत दबे संवर्धित परमाणु पदार्थ को अमेरिका, ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के समन्वय से बाहर निकाला जायेगा और नष्ट कर दिया जायेगा। उन्होंने दावा किया कि यह सामग्री 11 महीने पहले अमेरिकी बी-2 बमवर्षक विमानों द्वारा किए गए हमलों के बाद पहाड़ों के नीचे दब गयी थी।











